

दास्तां
ए
मोहब्बत
जज्बात
वहीं
अंदाज
नया
4

Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, बुधवार, 12.02.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 288 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692

## चुनाव आयोग नहीं करेगा ईवीएम का डेटा डिलीट : सुप्रीम कोर्ट

● ईवीएम वेरिफिकेशन के लिए पॉलिसी की मांग वाली याचिका पर सुनवाई

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के वेरिफिकेशन के लिए पॉलिसी बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने तक ईवीएम में कोई डेटा रिलोड न करें, न कोई डेटा डिलीट करें। इलेक्शन कमीशन को अब सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर डिलीट करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देनी होगी। सुप्रीम



कोर्ट में ये याचिका हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल और 5 बार के विधायक लखन कुमार सिंगला ने लगाई थी। उन्होंने कोर्ट से ईवीएम की जांच के लिए मजबूत सिस्टम बनाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ईवीएम के 4 कम्पोनेंट्स कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवीपेट और सिंबल लोडिंग यूनिट की ओरिजिनल बर्न मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए पॉलिसी बनाए। 13 दिसंबर 2024 को हुई सुनवाई में जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने अपीलकर्ताओं से कहा कि याचिका यहां क्यों लाए हो, इसे पुरानी बेंच के पास भेजना चाहिए।

## एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट, दो जवान शहीद



जनमार्ग न्यूज

**जम्मू।** जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में एलओसी के पास लालोली इलाके में आईईडी ब्लास्ट हुआ। इसमें सेना के दो सैनिक शहीद हो गए। एक ही हालत गंभीर है। सेना इलाके में सर्च कर रही है। सेना से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि शहीद हुए फौजियों के नाम कैप्टन केएस बख्शी और मुकेश हैं। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने दैनिक भास्कर को बताया- फौजी गश्त कर रहे थे, तभी ब्लास्ट हुआ। इससे पहले 14 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के राजौरी में स्पष्ट के पास लैंडमाइन ब्लास्ट में गोरखा राइफल्स के 6 जवान घायल हो गए। ब्लास्ट भवानी सेक्टर के मकरी इलाके में हुआ था। 9 दिसंबर 2024 को जम्मू के पुंछ में विस्फोट हुआ था, जिसमें एक जवान शहीद हो गया था। सेना ने कहा था कि हवलदार वी. सुब्बैया वरिकुंटा की पुंछ के थानेदार टेकरी में गश्त के दौरान एक बारूदी सुरंग विस्फोट के बाद मौत हो गई। अक्टूबर 2024 में भी कुपवाड़ा में एक खदान में धमाका हुआ था, जिसमें सेना के 2 जवान घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि धमाका एलओसी पर तड़के करीब तीन बजे हुआ, जब सैनिक इलाके में गश्त कर रहे थे।

## जेईई मेन्स सेशन 1 का रिजल्ट जारी, 5 टॉपर्स राजस्थान से

**नई दिल्ली (जनमार्ग न्यूज)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने जेईई मैंस सेशन 1 एग्जाम का रिजल्ट जारी कर दिया है। 14 स्टूडेंट्स ने 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया है। इनमें से 5 राजस्थान से हैं, जबकि उत्तर प्रदेश से 2 स्टूडेंट्स हैं। जो स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए हैं। जेईई मेन्स 2025 पेपर 1 (बीई/बी टेक) 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी को आयोजित किया गया था, जबकि पेपर2 30 जनवरी को हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए अटेम्प्ट्स की गिनती 2 से बढ़ाकर 3 करने की याचिका खारिज कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि अदालत जॉइंट एडमिशन बोर्ड यानी जेएबी के फैसले को बरकरार रखेगी।

## भारत में होगा अगला एआई शिखर सम्मेलन

● प्रधानमंत्री मोदी ने मेजबानी मिलने पर जताई खुशी

जनमार्ग न्यूज



**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पेरिस में एआई एआई एक्शन समिट की सह अध्यक्षता की। समिट के दौरान उन्होंने अगले एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी की पेशकश की। पीएम मोदी ने कहा कि शिखर सम्मेलन में हुई चर्चाओं में सामने आया है कि हितधारकों के दृष्टिकोण और उद्देश्य में एकता है। इस एक्शन शिखर सम्मेलन की गति को आगे बढ़ाने के लिए भारत अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुश होगा। उन्होंने एआई फाउंडेशन और एआई परिषद की स्थापना के निर्णय का स्वागत किया। साथ ही फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों को बधाई दी। समिट के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि अगला एआई शिखर सम्मेलन इस साल के अंत में भारत में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एआई पर भारत की नीति नवाचार की संभावना और संभावित नुकसानों के बारे में जागरूक होने के साथ-साथ अधिक उत्पादकता और अवसर प्रदान करने पर रही है। भारत ने समावेशी और टिकाऊ एआई पर नेताओं के बयान का समर्थन किया है और सार्वजनिक हित के लिए एआई को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की है। भारत ने एआई फाउंडेशन और एआई परिषद की स्थापना का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हमने जी20 में भी एआई को शामिल किया है। जी20 घोषणापत्र के एक हिस्से में इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि एआई और समावेशी एआई के संदर्भ में क्या किए जाने की आवश्यकता है। अफ्रीकी संघ और विभिन्न अन्य संस्थाओं को जी20 में लाया गया था, इसलिए यह बिल्कुल स्पष्ट था कि हम इस विशेष स्थान में ग्लोबल साउथ के लिए बोल रहे थे। हमारे पास पहले से ही 17 देशों के साथ समझौता ज्ञापन हैं और यह बढ़ रहा है।

## पीटीआई बने 12वीं पास, 500 से ज्यादा हो सकते हैं बर्खास्त

● कई के पास फर्जी, डिग्री जॉइनिंग रिश्वत के खेल का दावा

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान में फर्जी डिग्री लेकर नौकरी कर रहे 500 से ज्यादा पीटीआई एसओजी की रडार पर हैं। एसओजी ने इनके खिलाफ पूरे सबूत जुटा लिए हैं। हाल ही में राजस्थान सरकार ने 134 पीटीआई को बर्खास्त किया था। लेकिन एसओजी के पास 1259 कैंडिडेट की लिस्ट है, जिनकी डिग्री से लेकर नियुक्ति संदेह के घेरे में है। किसी की डिग्री फर्जी है तो कोई डमी कैंडिडेट बिठाकर नौकरी लगा है। एक कैंडिडेट के पास तो एक ही वर्ष में तीन अलग-अलग सब्जेक्ट की फर्जी डिग्री मिली हैं, जिसका इस्तेमाल उसने अलग-अलग भर्तियों में किया था। कैंडिडेट ने फर्जी डिग्रियां 8 राज्यों की 18 यूनिवर्सिटी से बैकडेट में 2 से 2.5 लाख रुपए में खरीदी थी। चौंकाने वाली बात ये है कि भर्ती में सिलेक्ट हुए 70 फीसदी अभ्यर्थियों के पास भी इन्हीं यूनिवर्सिटी की डिग्री मिली है। दरअसल, 25 सितंबर 2022 को कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से





5546 पदों पर शारीरिक शिक्षक भर्ती-2022 की परीक्षा हुई थी। मई-2023 में सफल अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी होते ही एसओजी को फर्जी दस्तावेज, डमी कैंडिडेट बैठने की कई शिकायतें मिली। एसओजी ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएसएमबी) से परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का रिकॉर्ड मांगा। एक-एक अभ्यर्थी के परीक्षा फॉर्म में दी जानकारियां, वेरिफिकेशन के समय जमा करवाई गई डिग्रियां और उनसे जुड़े शिक्षण संस्थानों की गहन जांच की गई। करीब डेढ़ साल की जांच में 1259 चयनित अभ्यर्थी के दस्तावेज और जॉइनिंग प्रक्रिया में धांधली मिली है। इनमें 500 से ज्यादा की चालाकी पकड़ी जा चुकी है। वहीं, 49 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। 161 अभ्यर्थियों में से 132 ने आवेदन के समय जिस यूनिवर्सिटी की अंकतालिका लगाई। जॉइनिंग के दौरान अंकतालिका और यूनिवर्सिटी के नाम अलग पाए गए। 1039 अभ्यर्थियों ने आवेदन भरते समय और फिर दस्तावेज सत्यापन के दौरान पेश की गई जानकारियों में भारी असमानता पाई गई।

## भाजपा विधायक सहित चार को नोटिस

जनमार्ग न्यूज



**बीकानेर।** बीकानेर के जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने कोर्ट आदेश की अवमानना के एक मामले में बीकानेर पूर्व की विधायक सिद्धि, कुमारी, संजय शर्मा, मदनसिंह व अविनाश व्यास को नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। राजमाता सुशीला कुमारी संम्पति विवाद में जिला एवं सेशन न्यायालय, बीकानेर ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की सहमति से 21 नवम्बर 2024 को त्रिलोचन शर्मा को मौका कमिश्नर नियुक्त कर निर्देशित किया था कि राजमाता सुशीला कुमारी को पूर्व महाराजा करणी सिंह की वसीयत से प्राप्त सम्पतियों की सूची तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। न्यायालय के आदेश की पालना में मौका कमिश्नर जब लालगढ़ पैलेस स्थित शिव विलास पहुंचे तो उन्हे अन्दर जाने से रोक दिया।

## नशीली गोलियां पंजाब ले जाते महिला तस्कर सहित तीन गिरफ्तार



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** पुलिस ने अमृतसर जामनगर भारतमाला हाईवे पर एक कार में 60 हजार नशीली गोलियों की खेप फलोदी से पंजाब ले जाते हुए एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि कल देर रात को महाजन थाना क्षेत्र में संभाग स्तर पर गठित पुलिस की स्पेशल टीम और महाजन थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से नाकाबंदी कर बीकानेर की ओर से जा रही एक कार को पकड़ा। तलाशी लेने पर कर में 60 हजार ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड टबलेट बरामद हुई। इन गोलियों का इस्तेमाल नशा करने वाले नशे के लिए करते हैं। कार में सवार संतोखसिंह (55) पुत्र करतारसिंह निवासी जवाहर सिंहवाला, प्यारासिंह (42) पुत्र हंसासिंह निवासी बामेवाला थाना जलालाबाद और शिमलारानी (40)पत्नी तलवीरसिंह निवासी आजमवाला तहसील अबोहर जिला फाजिल्का, पंजाब के पास इस दवा का कोई परमिट अथवा लाइसेंस नहीं था।

## बारहवीं कक्षा की परीक्षा तिथियों में बदलाव

**अजमेर (जनमार्ग न्यूज)।** जेईई मेंस की परीक्षा तिथियों से टकराव के चलते राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने उच्च माध्यमिक परीक्षा के कुछ विषयों की तिथियों में आंशिक बदलाव किया है। बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि 12वीं कक्षा के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार विषय संस्कृत साहित्य एवं संस्कृत वांग्मय की परीक्षा 22 मार्च के स्थान पर 9 अप्रेल को होगी। समाज शास्त्र की परीक्षा 27 मार्च के स्थान पर 3 अप्रेल को तथा ऋग्वेद, शुक्ल यजुर्वेद, कृष्ण यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, न्याय दर्शन, वेदांत दर्शन, मीमांसा दर्शन, जैन दर्शन, निंबार्क दर्शन, वल्लभ दर्शन, सामान्य दर्शन, रामानंद दर्शन, व्याकरण शास्त्र, साहित्य शास्त्र, पुराण इतिहास धर्मशास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, वास्तु विज्ञान तथा पुरोहित्य शास्त्र की परीक्षा एक अप्रेल के स्थान पर 4 अप्रेल को होगी। इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि रसायन विज्ञान एवं रसायन विज्ञान की परीक्षा 3 अप्रेल के स्थान पर 22 मार्च को तथा कंप्यूटर विज्ञान एवं इनफॉर्मेटिक्स प्रेक्टिसेस की परीक्षा 7 अप्रेल के स्थान पर 27 मार्च को होगी।

## कलक्टर ने नहरबंदी से पूर्व पर्याप्त भंडारण के दिए निर्देश

● पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए समन्वय बनाकर काम करें संबंधित विभागः डॉ. मंजू

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जिले के अंतर्गत इंदिरा गांधी नहर परियोजना में वर्तमान में केवल पेयजल के लिये उपलब्ध जल एवं इंदिरा गांधी नहर एवं भाखडा नहर प्रणाली में प्रस्तावित नहरबंदी के दौरान पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन और संधारण के लिए मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जल ससांधन और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने नहरबंदी के दौरान पेयजल व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना, भाखडा में प्रस्तावित नहरबंदी से पूर्व सभी योजनाओं पर पेयजल भंडारण की समुचित



व्यवस्था की जाए। पेयजल के लिए किसी को परेशानी नहीं हो, इसलिए जल ससांधन और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी आपस में सामंजस्य स्थापित कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लेवें। डिग्गियों, पॉन्ड सहित अन्य में जल भंडारण किया जाए। जलापूर्ति को लेकर परेशानी न आये, इसको लेकर समय रहते मोटर, पम्प, टयूबवेल, डिग्गियों की समय रहते मरम्मत कर ली जाये। बिजली से संबंधित कोई समस्या है, तो उसको भी समय से दुरूस्त करने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या न आये, इसके लिये भी समय से व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक कर और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों से जल ससांधन एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता मिलकर बैठक कर आगामी पेयजल व्यवस्था की रूपरेखा तैयार कर लेवें। जलापूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए ताकि अंतिम छोर के साथ.साथ आमजन को सुचारू पेयजल मिल सके। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता विजय कुमार शर्मा एवं जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता धीरज चावला ने बताया कि बैठक में इंदिरा गांधी नहर परियोजना, भाखडा में प्रस्तावित नहरबंदी को लेकर चर्चा हुई।आगामी मार्च व अप्रैल में नहरबंदी लेना प्रस्तावित है। इस अवसर पर डीआईजी गौरव यादव, एडीएम श्रीमती रीना, जिला परिषद सीईओ सुभाष कुमार, हरपाल सिंह, मोहन लाल अरोड़ा, प्रशान्त खैरवा, पराग स्वामी, गिरीराज, गौरव कम्बोज सहित अन्य मौजूद रहे।

## भीषण सड़क हादसे में तीन रिश्तेदार भाइयों की मौत

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** चुरू जिले में सरदारशहर रतनगढ़ मेगा हाईवे पर कल देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में आपस में तीन रिश्तेदार भाइयों की मृत्यु हो गई। एक तेज रफ्तार ट्रक ट्रालर सामने से आ रही कार को उड़ते हुए पलट गया। कार में सवार आपस में भाई तीनों व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।मृतको में रतनगढ़ नगर पालिका का लेखाधिकारी और श्रीगंगानगर का एक युवक भी शामिल है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान रतनगढ़ नगरपालिका में लेखा अधिकारी अरुण सोनी (50) निवासी रतनगढ़, पंकज सोनी (32)निवासी सरदारशहर और डिंपल सोनी (35) निवासी श्रीगंगानगर शामिल है। पंकज सोनी लेखाधिकारी अरुण सोनी का चचेरा भाई और डिंपल सोनी उसकी बुआ का बेटा था। जानकारी मिली है कि श्रीगंगानगर निवासी डिंपल सोनी (पुत्र सुरेश सोनी) पिछले कुछ समय से सरदारशहर में ही रह रहा था। तीनों कल रात रतनगढ़ में एक सगाई समारोह में शामिल होने के बाद कार द्वारा सरदारशहर जा रहे थे। मेगा हाईवे पर लाधासर-देवीपुरा के बीच करीब 10 बजे सामने से आ रहे एक ट्रक डॉलर ने कर में टक्कर मार दी। कार के परखच्चे उड़ गए और ट्रक ट्रालर पलट गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना हो गई। इस बीच लोगों ने कार में फंसे डिंपल सोनी तथा पंकज सोनी को तुरंत बाहर निकाल लिया। दोनों बुरी तरह से जख्मी थे। उनको तुरंत रतनगढ़ सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

## सम्पादकीय

# शिकार बना रसोइया

रसोइया अपनी कमीज उतार कर सफाई कर रहा था, फिर भी आक्रोश में अंधे चालक और उसके साथियों ने उसके साथ बर्बरता की। यह तय है कि सभी आरोपी कठघरे में आएंगे, लेकिन निर्दोष रसोइया कभी घर नहीं लौटेगा। समाज में संवेदनशीलता, सहिष्णुता और मानवीय करुणा के लगातार हो रहे क्षरण को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। लगता है, इस दौर में मनुष्य सभी मानवीय मूल्यों का परित्याग कर नफरत, भेदभाव और अनैतिकता की राह पर चल पड़ा है। अकारण आक्रोश में और कभी स्वार्थवश वह ऐसी क्रूरता कर बैठता है, जिससे मानवीयता को गहरी ठेस पहुंचती है। ऐसे में प्रायः निर्दोष लोगों की जान चली जाती है। किसी को भी मार डालने का उन्माद मनुष्य में कोई एक दिन में पैदा नहीं हुआ है। इसे समझने के लिए इसकी जड़ में जाने के साथ समाजशास्त्रीय अध्ययन की भी जरूरत है। आज जिस तरह हैवानियत बढ़ रही है, इससे सिद्ध होता है कि मनुष्य के मन में न तो प्रकृति के लिए, न बेजुबानों के लिए और न ही इंसानों के लिए करुणा बची है। पिछले दो-तीन दशक में बेशक हम आधुनिक हो गए हों, मगर हमारी प्रवृत्ति कई मामलों में आदिम हो गई लगती है। दिल्ली में रविवार को हुई घटना इसका उदाहरण है। एक वाहन चालक ने एक रसोइए को महज इसलिए पीट-पीट कर मार डाला कि उसकी बस की सीट और फर्श पर गलती से खाना बिखर गया था। आरोपी ने उसकी हत्या से पहले दिल दहला देने वाली क्रूरता की। भागदौड़ की जिंदगी के बीच रोजी-रोटी के लिए संघर्ष बड़ा है। मगर इसी के साथ लोगों में सद्भाव की भावना खत्म हो रही है। अब छोटी-छोटी बातों को लेकर वे न केवल घरों में, बल्कि सड़कों पर भी लड़ने लगे हैं। लोग अब महंगी गाड़ियों में अवश्य चलने लगे हैं, लेकिन किसी की गाड़ी से जरा-सी खरोंच लग जाए, तो वे न केवल असभ्यता से पेश आते हैं, बल्कि शारीरिक क्षति पहुंचाने से भी संकोच नहीं करते। सहनशीलता, करुणा, क्षमा और मानवीयता मनुष्य के आभूषण हैं।

# ‘आप’ का अपराजय होने का भ्रम टूटा

लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया में जनता जनार्दन ही सर्वोपरि होती है। पर, ये बात एकाध बंपर जीत करने के बाद सियासी दल भूल जाते हैं। आम आदमी पार्टी का जब से जन्म हुआ, उसके बाद दिल्ली में तकरीबन चुनावों में अप्रत्याशित जीत दर्ज कर अपने भीतर ये भ्रम पाल लिया कि उन्हें कोई हरा नहीं सकता? लेकिन नियति की मार देखिएगा, केजरीवाल आखिरकार हार ही गए? दरअसल, भारतीय लोकतंत्र की यही सबसे खुबसूरत तस्वीर है जिसे स्वयं जनता कैनवास पर अपने मताधिकार से उकेरती है। जो आवाम नेताओं को सिर आंखों पर बिठाती है, वही जब अपने पर आती है तो अच्छे-अच्छों को आसमान से जमीन पर पटकने में भी देर नहीं करती? दिल्ली की ये हार आम आदमी पार्टी को लंबे समय तक सताएगी। जब गढ़ ही गड़गड़ा गया, तो भविष्य की डगर निश्चित रूप से गडबड़ाएगी। केजरीवाल को पार्टी की हार उतनी नहीं सताएगी, जितनी उनके शीर्ष नेतृत्व के हारने से उनका मनोबल टूटेगा। केजरीवाल के कद्दावर नेताओं के नेताओं के हारने से पार्टी के जनाधार में भी यहीं से डेंट लगना आरंभ हो जाएगा। क्योंकि सेना के साथ-साथ उनका सेनापति भी हार गए। भाजपा की जीत ने ‘आप’ का दिल्ली में लंबे समय तक राज करने का भ्रम भी तोड़ा है।

फिलहाल, राजधानी में कौन अलगे पांच वर्ष तक सत्ता पर काबिज रहेगा, ये आठ तारीख को आए परिणाम से तय हो गया। भाजपा ने ‘आप’दा को मात देकर अपना 27 साल का सूखा मिटा लिया। भाजपा की जीत ने कई भ्रट तोड़े हैं। केजरीवाल की टीम ये ठाने बैठी थी कि उन्हें कोई हरा ही नहीं सकता। दलों को इस सच्चाई से वाकिफ होना चाहिए कि जीवंत लोकतंत्र में कोई दल स्थाई नहीं होता, सभी अस्थाई होते हैं? सियासी पार्टियों का बजूद जनता जनाधार की ताकत से ही मजबूत होता है। जनाधार जैसे ही खिसकता है, नींव भी कमजोर हो जाती है। एक जमाना था, जब जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों का पश्चिम बंगाल से लेकर भारत के दूसरे छोर तक बोला बाला होता था। आज ये दल किन परिस्थितियों में हैं, सभी जानते हैं, बताने की जरूरत नहीं? मुट्ठी भर कार्यकर्ता भी उनके पास नहीं बचे? इन पार्टियों के कार्यालयों में ताले पड़े हैं। ‘आम’ से ‘खास’ बनने के बाद ‘आप’ पार्टी के नेताओं के पैर जमीन पर नहीं पड़ते थे। ‘अहम’ और ‘घंमड़’ उनमें आ गया था। खैर, उनके पास मौका अभी भी है, राजधानी वालों ने उनको विधानसभा में मुख्य और प्रचंड विपक्ष की भूमिका दी है जिसमें जनता उनकी परीक्षा लेगी। ‘आप’ वाले सरकार कैसे चलाते हैं, ये तो जनता ने अच्छे से देख लिया? विपक्ष में रहकर कैसा व्यवहार करेंगे हैं, ये उनको देखना है और परखना है। बहरहाल, दिल्ली में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी ‘आप’ की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की अप्रत्याशित जीत के एक-दो नहीं, बल्कि बहुतेरे कारण हैं। हार के सियासी मायने भी दिलचस्प हैं। भारतीय राजनीति में इस परिणाम के असर दूर-दूर तक दिखेंगे। भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ ‘एनडीए’ की एकजुटता भी मजबूत होगी। वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले ‘इंडिया गठबंधन’ में बिखराव का होना भी स्वाभाविक रहेगा। क्योंकि इस जीत से भाजपा ने विपक्ष पर जबरदस्त मनोवैज्ञानिक बढ़ा ली है। भाजपा ने जिस अंदाज में पटकनी सत्ता दल को दी है, उन्हें उम्मीद नहीं थी। हारने के बाद केजरीवाल अब पुराने दिनों को जरूर याद करेंगे। गलतियां कहां-कहां हुई, क्या खोया और क्या पाया? सभी मुद्दों पर गंभीरता से मंथन करेंगे। कैसे, उन्होंने अन्ना हजारे की आड़ लेकर अपनी राजनैतिक आभा चमकाई, और जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने ‘आप’ का गठन करके कांग्रेस की दिल्ली में समूची सियायी जमीन ही हड़पी। आज कांग्रेस अपनी दुर्दशा पर उतनी दुखी नहीं है जितनी केजरीवाल के हारने से खुश है। केजरीवाल ने भी कुछ इसी अंदाज में कभी शीला दीक्षित सहित उनकी टॉप लीडरशिप को एक झटके में हराया था। वही तस्वीर आज फिर उभरी। शीला दीक्षित की आत्मा भी आज खुश होंगी। केजरीवाल की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को लोगों ने उसी दिन से भांप लिया था। जब उन्होंने 2013 में धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया, जिसका विरोध करके वह चुनाव जीते थे और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। हालांकि, कांग्रेस की उस एक मात्र भूल ने ही आगे चलकर 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका पूरा का पूरा सफाया हुआ। दूसरे चुनाव में ‘आप’ को मुस्लिम मतदाताओं ने भी खूब प्यार दिया। उनके समर्थन ने दिल्ली में रिकॉर्ड जीत दिलाई थी।

भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए।

# मोदी की गारंटी पर दिल्ली की मुहर

दिल्ली विधान सभा के चुनाव में वहां की जागरूक जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बिठाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और मोदी जी के नेतृत्व में ही देश प्रगति के नए सोपान नाप सकता है। लगभग 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी हुई है। जीत का यह परचम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुस्पष्ट विजन के कारण लहराया है। मोदी जी के विजन पर मुहर लगाकर दिल्लीवासियों ने डबल इंजन की सरकार पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। स्मरणीय है कि भाजपा ने दिल्ली में चुनाव अभियान के दौरान नारा दिया था- 'मोदी जी का विजन है दिल्ली के लिए उम्मीद की एक किरण।' दिल्ली की जनता ने इस नारे को आत्मसात करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार के कुशासन पर करारा प्रहार कर राष्ट्र-विकास के संकल्प को जिता दिया। यह जीत देश की राजधानी दिल्ली के बिगड़े सूरत-ए-हाल में निखार के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और बीजेपी के प्रति भरोसे की जीत है। इस शानदार जीत में यह संदेश भी छिपा है कि सिर्फ झूठ और आलोचना के सहारे देश के जनमानस को दिग्भ्रमित नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि ₹साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की यह भूमिका और सशक्त होगी।₹ इस संकल्प के साथ उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली में भाजपा को सेवा करने एक अवसर देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था-- "आपने दिल्ली में पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी को काम करने का मौका नहीं दिया। आपने 25 साल तक कांग्रेस और आप को देखा है, अब कमल को मौका दीजिए। जैसे परिवार का मुखिया अपने प्रियजनों का ख्याल रखता है, वैसे ही मैं आपका ख्याल रखूंगा। बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है कि हम जो वादा करते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं।"

आज देश में मोदी की गारंटी विश्वास का पर्याय बन चुकी है। सर्वविदित है कि 'मोदी की गारंटी' का मतलब है, जनता से किए गए प्रत्येक वादे का पूरा होना। देश के तमाम राज्यों के लोगों ने मोदी की गांरटी पर भरोसा कर भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया और वहां की सरकारें जनहित में बेहतर काम कर रही हैं। उस कड़ी में अब दिल्ली राज्य भी शामिल हो गया और जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को अमली जामा पहना दिया। हम अतीत की बात करें तो मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, महाराष्ट्र और ओडिशा में जनता ने मोदी जी की परिकल्पना पर केन्द्रित बीजेपी की डबल इंजन की सरकार पर यकीन करते हुए बंपर जीत दिलवाई। भाजपा शासित इन प्रदेशों में विकास और राजनैतिक स्थिरता का संदेश दिल्ली की करोड़ों जनता के बीच भी गया। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने मोदी जी पर विश्वास जताया और चुनाव में मौका मिलते ही अन्य राज्यों के



नागरिकों की तरह ही फैसला लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सेवा करने का अवसर दे दिया।

भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। जनता अच्छी तरह से समझ गई थी कि अरविंद केजरीवाल ने जो वादे किए थे, वे पूरे किए ही नहीं। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। उन्होंने राजधानी दिल्ली को विकास का नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया। दूसरे नेताओं की जीवनशैली पर उंगली उठाने वाले तथा राजनीति में सादगीपूर्ण जीवन जीने की बातें करने वाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल तथा उनकी पार्टी के अधिकांश नेता सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के दलदल में डूब गए। नैतिकता की बातें हवा हवाई हो गईं। दो-तीन कमरों के घर में रहकर जनसेवा करने की बात करने वाले नेता ने शान-ओ-शौकत का शीशमहल खड़ा कर लिया। एक ओर जहां दिल्ली की जनता तमाम परेशानियों से जूझ रही थी, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी की सरकार के मंत्री व नेतागण अपनी सुख-सुविधा में मस्त थे। इन हालात में जनता ने आम आदमी पार्टी की वादाखिलाफी के बदले भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के संकल्प को अंगीकार कर मोदी जी की गारंटी पर भरोसा जाहिर किया।

दिल्ली विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की इस जीत के निहितार्थ साफ हैं। स्मरण कराना होगा कि मई 2014 में एनडीए सरकार के मुखिया के रूप में नरेन्द्र मोदी ने जब देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला था, तब राज्यों में अलग राजनैतिक परिदृश्य था। उस समय देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें थीं। इनमें से पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बीजेपी तो आंध्रप्रदेश और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। उस समय 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकारें सत्तासीन थीं। इन राज्यों में महाराष्ट्र तथा कर्नाटक जैसे बड़े राज्य शामिल थे। कालांतर में देश ने मोदी सरकार के काम को देखा, मोदी जी की गारंटी को जाना और डबल इंजन की सरकार के महत्व को समझा। यही कारण है कि चार साल में ही देश की राजनैतिक तस्वीर बदल गई थी। चार साल बाद याने मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें बन चुकी थीं। अब दिल्ली में भी विजय पताका फहराई है। वर्ष 2025 में देश के 19 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकारें होंगी। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में इस राजनैतिक परिदृश्य से स्पष्ट है कि देश को अब सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। देश की जनता विपक्षी दलों के भुलावे व गुमराह करने वाली बातों में आने वाली नहीं है। वह डबल इंजन की सरकार द्वारा हो रहे विकास के मॉडल को देख रही है, उसे महसूस कर रही है, तभी तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार गठबंधन की सरकार को अवसर देने के बाद राज्यों की कमान भी भाजपा को सौंप रही है। भाजपा ही वह राजनैतिक दल है, जिसने सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर बिना भेदभाव के पहुंचाया है। इस दल में परिवारवाद नहीं बल्कि योग्यता का सम्मान है। यहां काम पर भरोसा है और इस भरोसे के प्रतिबिंब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणें उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

## मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

# सोशल मीडिया से घट रही बच्चों की याददाश्त

**फर्ज** करिए कि आप अपना फेसबुक, इंस्टाग्राम या एक्स खोलते हैं और सामने चेतावनी लिखकर आती है इसका इस्तेमाल सेहत के लिए हानिकारक है। ठीक वैसे ही, जैसे सिगरेट के पैकेट और शराब की बोतल पर चेतावनी लिखी होती है। ये मजाक नहीं है। दुनिया भर की सैकड़ों साइंस स्टडीज अब इस बात को लेकर चिंता जता रही हैं। भारतीय मूल के डॉक्टर विवेक मूर्ति अमेरिका में ओबामा और बाइडेन सरकार में यूएस सर्जन जनरल रहे हैं। विवेक मूर्ति ने अपने कार्यकाल में शारीरिक सेहत से के साथङ्कसाथ मानसिक सेहत पर भी बहुत जोर दिया। अभी वह सोशल मीडिया के इस्तेमाल के खिलाफ मुहिम चला रहे हैं। उनका कहना है कि जिस तरह शराब और सिगरेट पर लिखा होता है कि यह सेहत के लिए हानिकारक है। उसी तरह सोशल मीडिया एप्स पर भी चेतावनी लिखनी चाहिए क्योंकि यह हमारे शरीर और दिमाग को शराब-सिगरेट ही तरह नुकसान पहुंचा रहा है। बीते साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया। अब कई अन्य देशों में भी सोशल मीडिया को लेकर कड़े कानून लाने की तैयारी चल रही है। वजह ये है कि सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल लोगों की ब्रेन वायरिंग खराब कर रहा है। इसका सबसे ज्यादा नुकसान बच्चों और किशोरों के ब्रेन डेवलपमेंट पर पड़ रहा है। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के चीफ साइंस ऑफिसर मिच प्रिंस्टीन के मुताबिक, बच्चे हर छोटी खुशी के लिए सोशल मीडिया पर निर्भर हो रहे हैं। इससे डिप्रेशन और एंग्जाइटी के मामले भी बढ़ रहे हैं। रिसर्च फर्म ‘रेडसियर’ के मुताबिक भारतीय यूजर्स हर दिन औसतन 7.3 घंटे अपने स्मार्टफोन की स्क्रीन पर बिताते हैं। इसमें से अधिकतर टाइम वे सोशल मीडिया पर बिताते हैं। इसमें बच्चों और किशोरों की संख्या बहुत ज्यादा है। इसलिए सबसे ज्यादा नुकसान भी उन्हें हो रहा है। सोशल मीडिया के ज्यादा इस्तेमाल से उनकी इमोशनल हेल्थ खराब हो रही है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक स्टडी के मुताबिक सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव रहने के कारण लोगों की नींद नहीं पूरी हो रही है। इससे उनकी मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ रहा है। इससे उनकी याददाश्त कमजोर हो रही है और एंग्जाइटी, डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। अटेंशन स्पैन का मतलब है कि आप



बिना भटके किसी काम में लगातार कितनी देर तक अपना ध्यान लगाए रख सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, इरविन की एक स्टडी के मुताबिक इंसानों का औसत अटेंशन स्पैन बीते 20 सालों में 2.5 मिनट से घटकर 47 सेकेंड पर पहुंच गया है। इसके पीछे सोशल मीडिया की लत बड़ी वजह है। अंटेशन स्पैन घटने पर क्या लक्षण दिखते हैं। मनोचिकित्सक डॉ. कृष्णा मिश्रा के मुताबिक, कोई बुरी आदत छोड़ने का सबसे अच्छा तरीका ये है कि उसकी जगह कोई अच्छी आदत अपना ली जाए। इससे आपके पास इतना समय ही नहीं होगा कि दिमाग बुरी आदत की तरफ भटके। अगर कोई बहुत लंबे समय से सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहा है तो उसकी ब्रेन फंक्शनिंग खराब हो जाती है। इसमें सुधार के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। हालांकि, यह अचानक से एक दिन में कोई दवा खाकर ठीक नहीं होता है। इसके लिए लाइफस्टाइल में कई जरूरी बदलाव करने होते हैं। सबसे पहले तो सोशल मीडिया इस्तेमाल करने का समय निर्धारित करें। तय करें कि एक दिन में उससे ज्यादा समय सोशल मीडिया पर नहीं खर्च करेंगे। इसके बाद अपना ध्यान किसी क्रिएटिव काम में लगाएं। साल 2011 में वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के रिसर्चर डेविड लेवी ने एक मेंटल सिचुएशन के लिए ‘पॉपकॉर्न ब्रेन’ शब्द का इस्तेमाल किया था। जब किसी शख्स के विचारों में स्थिरता न हो, फोकस हिल गया हो, दिमाग एक विषय के बारे में सोचते हुए तेजी से दूसरे, फिर तीसरे विषय पर भटक रहा हो तो इसे पॉपकॉर्न ब्रेन कहते हैं। सोशल मीडिया के ज्यादा इस्तेमाल और रील्स स्क्रॉल करने से यह मेंटल सिचुएशन बनती है। सोशल मीडिया के ज्यादा इस्तेमाल से अटेंशन स्पैन कम होता है। इससे हमारी याद रखने की क्षमता, भाषा सीखने की क्षमता और दिमागी विकास पर बुरा असर पड़ता है। इससे प्रभावित बच्चे लंबे समय तक टिककर पढ़ नहीं पाते। उनकी बोली-भाषा में अजीब से बदलाव आ सकते हैं। इसके अलावा उनके दिमाग का विकास भी पूरी तरह नहीं हो पाता है। उन्हें कोई क्रिएटिव काम करने में बहुत मुश्किल होती है क्योंकि इसके लिए देर तक एक ही चीज पर ध्यान टिकाए रखना होता है। सोशल मीडिया के शॉर्ट वीडियो की सबसे ज्यादा लत बच्चों को है। इसलिए सबसे अधिक नुकसान भी बच्चों को हो रहा है। डॉ. कृष्णा मिश्रा कहते हैं कि कम उम्र में मस्तिष्क का प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स यानी दिमाग का वह हिस्सा पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाता, जो निर्णय लेने और भावनाएं नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार है। इसलिए बच्चे सोशल मीडिया इस्तेमाल करने और शॉर्ट वीडियो देखने का समय नियंत्रित नहीं कर पाते। वह यह भी नहीं तय कर पाते हैं कि उन्हें देखना क्या है।

# सादुलशहर विधायक ने किया दो सड़कों व एक चौक का लोकार्पण, 22 लाख की लागत से हुआ निर्माण





जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** सादुलशहर विधानसभा से बीजेपी विधायक गुरवीर सिंह बराड़ सोमवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चूनावढ़ गांव में बनीं दो सड़कों व एक चौक का लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि बीजेपी ने गांवों के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है, लेकिन हम हमेशा लोगों के साथ रहेंते आए हैं और रहते रहेंगे। चूनावढ़ ग्राम पंचायत में ग्रामीणों और बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका मलयार्पणकर हार्दिक अभिनंदन स्वागत किया। इसके बाद विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने विधायक विकास मद से 22 लाख की लागत से बनी सड़कें व चौक का लोकार्पण किया। चूनावढ़ प्रशासक निशा चुघ, पंचायत सचिव प्रीती छाबरा,बलदेव सिंह बराड़, भूपेंद्र सिंह बराड़, राजेश चुघ, पूर्व पंचायत समिति प्रधान पुरुषोत्तम सिंह, नायब तहसीलदार मनजीत सिंह,थाना एसएचओ मलकीयत सिंह व ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि बीजेपी की भजन लाल सरकार ने लोगों की समस्याओं से जुड़े हर काम को पूरा कर रही है, विधायक ने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन नशे के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर रही है। और विधायक ने कहा कि सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान को बनाने का प्रयास किया जाएगा इस दौरान गांव सागर वाला से अशोक कुमार पूर्व डायरेक्टर व जसकरण उर्फ बब्बू पूर्व उप सरपंच ने विधायक को क्षेत्र में सिंचाई पानी के देने की मांग रखी गई वही जोधेवाला के लीला सिंह व कुलदीप ढिलो ने ग्राम विकास अधिकारी प्रीति छाबड़ा के तबादला करने का मांग पत्र दिया गया वहीं ग्रामीणों ने सालों से बंद पड़ी सरकारी लाइब्रेरी को खुलवाने की मांग रखी गई।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# महाकुंभ मेला के लिए श्रीगंगानगर से विशेष ट्रेन 15 को होगी रवाना

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** रेलवे द्वारा प्रयागराज महारा कुंभ के लिए श्रीगंगानगर से एक विशेष रेलगाड़ी 15 फरवरी को चलाई जाएगी पहले यह रेलगाड़ी 14 फरवरी को श्रीगंगानगर से रवाना होनी थी। अब 14 की बजाय 15 फरवरी को विशेष रेलगाड़ी श्रीगंगानगर से दोपहर 3-25 बजे रवाना होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04723, श्रीगंगानगर-बरौनी महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप) श्रीगंगानगर से 15 फरवरी को 15.35 बजे रवाना होकर दूसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 03.30 बजे पहुंचेगी। जयपुर से 03.40 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 09 बजे बरौनी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04724, बरौनी-श्रीगंगानगर महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप ) बरौनी से 17 फरवरी को 23.00 बजे रवाना होकर तीसरे दिन जयपुर स्टेशन पर 02.50 बजे और 03.00 बजे प्रस्थान कर 14.30 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। इस रेलगाड़ी का रूट सादुलशहर, हनुमानगढ, हनुमानगढ टाउन, टिब्बी, ऐलनाबाद, नोहर, गोगामेडी, तहसील भादरा, सिधमुख, सादुलपुर, चुरु, फतेहपुर शेखावाटी, सीकर, रींगस,चौमूं सामौद, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगराफोर्ट, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरां, दानापुर, पाटलीपुत्र व हाजीपुर रहेगा।इस रेलगाड़ी में 4 थर्ड एसी, 2 थर्ड एसी इकोनोमी, 10 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी, 01 पॉवरकार व 1 गार्ड डिब्बो सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04719/04720, श्रीगंगानगर-बरौनी-श्रीगंगानगर महाकुंभ मेला स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप) जो श्रीगंगानगर से 14 फरवरी को एवं बरौनी से 16 फरवरी को रद्द कर दी गई है।

# पूर्व राज्यमंत्री श्री राम सिंह राव का 2 केएनजे में भव्य स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** 2 केएनजे आबादी में सोमवार को पूर्व राज्यमंत्री श्री राम सिंह राव, डीसीसी जिला उपाध्यक्ष तरुण विजय और कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामस्वरूप भाटी का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता रायपाल जी प्रजापति ने श्री राम सिंह राव का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूर्व राज्यमंत्री श्री राम सिंह राव ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पूरी तरह नकारा सिद्ध हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का नाम बदलकर पेश करने का कार्य किया जा रहा है, जबकि असल में राज्य की जनता को कोई नया लाभ नहीं मिल रहा है।

स्वागत कार्यक्रम में श्री तरुण विजय (जिला उपाध्यक्ष, डीसीसी हनुमानगढ़), श्री मनीष मक्कासर (प्रदेश सचिव), रूपराम लिंबा, रामस्वरूप भाटी सतपाल नोखवाल, डॉ. रामेश्वर ओडि़या, कृष्ण लाल ओडि़या, धर्मवीर ओडि़या, महावीर ओडि़या, मलकीत सिंह राजपाल, मोहित गोदारा, बंटी शोरगर और मांगीलाल मारवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पीएमजी में डॉ. ठठई की नियमित सेवाएं शुरु

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** श्रीगंगानगर के चिकित्सा क्षेत्र में सेवाओं का विस्तार करते हुए एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल ने डॉ. पुलकित ठठई की नियमित ओपीडी मंगलवार से आरम्भ की। प्रेस वार्ता को सम्भोधित करते हुए डॉ. ठठई ने जानकारी दी की उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कम दरो में उत्तम ईलाज प्रदान करना हैं। डॉ. पुलकित ने बताया की अब तक उन्होंने करीब पचीसो से ज्यादा मरीजों में घुटना प्रत्यारोपण किये हैं और करीब आठ सो से ज्यादा मरीजों के कूल्हे के जोड़ प्रत्यारोपण किये हैं। अपने मरीजों में घुटना प्रत्यारोपण में कभी भी उन्होंने स्टील के घुटने (इम्प्लांट) उपयोग नही किया है।



# महाजन फील्ड रेंज में भारत और मिस्र की सेनाओं का संयुक्त साइक्लोन अभ्यास

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** बीकानेर जिले में महाजन फील्ड रेंज में जॉइंट स्पेशल फोर्सेज अभ्यास साइक्लोन का तीसरा संस्करण शुरू हो गया है। जॉइंट अभ्यास 23 फरवरी तक चलेगा। साइक्लोन अभ्यास एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो बारी-बारी भारत और मिस्र के बीच आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास का पिछला संस्करण जनवरी 2024 में मिस्र में आयोजित हुआ था।इस अभ्यास में भारतीय सैन्य दल की तरफ से दो स्पेशल फोर्सेज की बटालियनों के 25 सदस्य शामिल होंगे।मिस्र का दल भी 25 सदस्यीय होगा, जिसका प्रतिनिधित्व मिस्र के विशेष बल समूह और टास्क फोर्स द्वारा किया जाएगा। रक्षा प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार साइक्लोन अभ्यास का उद्देश्य अंतरसंचालन, संयुक्तता और विशेष युद्ध संचालन रणनीति के आपसी आदान-प्रदान को बढ़ाकर दोनों देशों के बीच सैन्य संबंध को बढ़ावा देना है।यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना और संयुक्त सामरिक अभ्यास पर केंद्रित होगा।साइक्लोन अभ्यास के दौरान जो ड्रिल्स और पहलू अभ्यस्त किए जाएंगे, उनमें उन्नत विशेष बल कौशल और विभिन्न तकनीकें, रणनीतियाँ और प्रक्रियाएँ शामिल होंगी, जो वर्तमान ऑपरेशन्स प्रतिमान के तरीकों के अनुसार होगा। उन्होंने बताया कि यह 48 घंटे अभ्यास के साथ खत्म होगा, जिसमें रेगिस्तानी और अर्ध-रेगिस्तानी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए सामरिक ड्रिल्स का अभ्यास और सत्यापन किया जाएगा।

# प्रो. अन्नाराम शर्मा बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट बोम के सदस्य नियुक्त



**बीकानेर (जनमार्ग न्यूज)।** राजकीय डूंगर महाविद्यालय में हिंदी विभागाध्यक्ष एवं कला संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) अन्नाराम शर्मा को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के सर्वोच्च निकाय विश्व विद्यालय प्रबंधन बोर्ड (बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट-बोम) का सदस्य नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. शर्मा शिक्षा जगत में तो विशिष्ट पहचान रखते ही हैं, साहित्य के क्षेत्र में भी उनकी सक्रियता अनुकरणीय है। वे राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर के सदस्य रहे हैं तथा वर्तमान में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हैं। आलोचना विधा में उनकी दो पुस्तकें काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं। डॉ. शर्मा श्रीगंगानगर के राजकीय महाविद्यालय एवं चौधरी बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में भी लंबे समय तक सेवाएं दे चुके हैं।

# निशुल्क स्वर्णप्राशन 90 बच्चों को पिलाई गई

## स्वर्णप्राशन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विद्या भारती द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में सोमवार को पुष्य नक्षत्र के उपलक्ष्य में 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क स्वर्णप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्यवस्थापक सुरेन्द्र चनानी ने बताया कि हनुमानगढ़ रोड बालाजी धाम के समीप स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य डॉ. वरूण गुप्ता, डॉ. ज्योति शर्मा व डॉ. स्वाति चौधरी द्वारा विद्यार्थियों सहित आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले 16 वर्ष तक के 90 बच्चों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, मेमोरी पावर बढ़ाने तथा अनेक रोगों से बचाने में लाभदायक स्वर्णप्राशन आयुर्वेदिक औषधि निःशुल्क पिलाई गई। इस मौके पर डॉ. वरूण



गुप्ता ने स्वर्णप्राशन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि स्वर्णप्राशन रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, त्वचा पोषण, पाचन शक्ति बढ़ाने, शारीरिक व मानसिक विकास, वाक शक्ति, स्पष्ट शब्दोच्चार, एलर्जी रोग सहित अनेक रोगों में अत्यंत उपयोगी है। इस अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक सुरेन्द्र चनाणी, सीताराम, भवानीशंकर, रामप्रताप चांदोरा, अरविन्द स्वामी, देवेन्द्र चांदोरा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गर्ग, रमाकांत शर्मा, प्रमोद चौहान, प्रधानाचार्य गीता सामंत सहित छात्र-छात्राएं व विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। आचार्य बलराम, सुमनदीप कौर, अनिता राजपूत व आदित्य ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य गीता सामंत ने वैद्य वरुण गुप्ता सहित समस्त चिकित्सकों व सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# मूर्ति स्थापना पर लंगर लगाया

**सूरतगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** विश्वकर्मा जयंती पर न्यू मोटर मार्केट एसोसिएशन ने विश्वकर्मा मंदिर की मूर्ति स्थापना के 13 वें वर्ष के उपलक्ष में लंगर भंडारे का आयोजन किया। न्यू मोटर मार्केट एसोसिएशन अध्यक्ष किशोर सिंह, मंदिर कमेटी के अध्यक्ष महावीर सुथार, सचिव रामकुमार चौहान, कोषाध्यक्ष सोनू अठवाल, राकेश चौहान, पवन गोस्वामी, रिंका अग्रवाल, मनोहर लाल शर्मा, जितेंद्र पाटनी, प्रेम कुमार, गोविंद गिरी, मोहनलाल, उग्रसेन, मुकेश कुमार, कमल ने मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना करके लंगर भंडारे का शुभारंभ करते हुए सेवाएं दी। मंदिर के पुजारी श्याम सुंदर ने मंत्र उच्चारण के साथ पूजन करवा कर प्रसाद वितरण किया। सचिव रामकुमार सिंह चौहान ने सभी सहयोगियों और सेवादारों का आभार प्रकट किया।



# सेफर इन्टरनेट डे अन्तराष्ट्रीय दिवस का आयोजन

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** इन्टरनेट सेफर डे 2025 श्रीगुरूनानक कन्या महाविद्यालय श्रीगंगानगर में मंगलवार को उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी प्रभारी परमजीत सिंह ने बताया कि सेफर इन्टरनेट डे प्रतिवर्ष अन्तराष्टीय रूप से फरवरी माह के द्वितीय मंगलवार को मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्रालय द्वारा प्रेषित प्रेजेन्टेशन, स्टोरी कार्ड का वाचन किया गया एवं उपस्थित विद्यार्थीयों ने सायबर सुरक्षा सम्बन्धी प्रपत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में श्रीगुरूनानक गर्ल्स शिक्षण संस्थान की मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों ने दुष्यन्त कुमार जैन, संयुक्त निदेशक विरेन्द्र सिंह, उपनिदेशक सुखमन सिंह जौहल, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी चन्द्रशेखर मुंडासिया, जनरल मैनेजर कॉ-ऑपरेटिव श्रीमती सोनिया का अभिवादन किया। कार्यक्रम में



रिमोटली यूनिर्वसिटी ऑफ कैलिफॉरनिया से मशीन लर्निंग में डॉक्टरेट संदीप सिंह संधा, केन्द्रीय विश्वविद्यालय बठिण्डा के डॉ. परविन्द्र सिंह ने क्रमशः ऑटिफिशियल इन्टेलिजेन्स एवं क्वांटम कम्पयूटिंग तथा सायबर सिक्योरिटी पर अभिभाषण दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन राष्ट्रीय शिक्षण सम्मान के अजय मेहता ने किया। कार्यक्रम में वीसी संचालन सुखपाल सिंह बोपारा, नकुल अग्रवाल, देवेन्द्र जान्दू, विशाल असीजा ने किया। कार्यक्रम में इन्टरनेट व्यवस्था गगनदीप सिंह मान ने की। कार्यक्रम उपरान्त विद्यार्थियों को जलपान वितरण किया गया। राष्टीय स्तर से प्राप्त विभिन्न सावधानी बिन्दुओं के पोस्टर को जिले के समस्त अधिकारियों एवं शिक्षण संस्थानों को वितरित किया गया तथा जिले के अनेक संस्थानों ने उक्त पोस्टर्स को कार्यालयों में चस्पा किया है। कार्यक्रम के अन्त में मैनेजिंग कमेटी, प्राचार्य एवं कॉलेज प्रशासन ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# रयान कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम

जनमार्ग न्यूज


**हनुमानगढ़** स्थित रयान कॉलेज फॉर हायर एजुकेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय निदेशक श्री करणवीर चौधरी ने की। संयोजक श्रीमती सुमीना यादव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। प्राचार्य डॉ. संतोष राजपुरोहित ने मंच को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार व्यक्ति के मानसिक विकास के लिए शिक्षा जरूरी है उसी प्रकार शारीरिक विकास के लिए खेल एवं अन्य गतिविधियां महत्वपूर्ण हैं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के प्रारम्भ में अलग-अलग सदनों के समूह नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें छात्रा वर्ग के शिवालिक सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में शिवालिक सदन की छात्रा पंकज तथा छात्र वर्ग में हिमालय सदन से प्रभजोत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में फ्रेशर विद्यार्थियों के लिए रोचक प्रतियोगिताएं रखी गयीं, जिसमें बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा परनीत को मिस फ्रेशर तथा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र भविष्य को मिस्टर फ्रेशर चुना गया।

# चोरों का भगवान के घर भी डाका

## काली माता मंदिर से छत्र-दानपात्र व अन्य सामान हुआ चोरी

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** टाउन-जंक्शन रोड पर स्थित इच्छापूर्ण काली माता मंदिर में रविवार रात्रि को किसी समय चोरों ने धावा बोल दिया। मंदिर पुजारी पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि रविवार रात्रि को किसी समय चोर मंदिर के पीछे से पेड़ी लगाकर ऊपर छत से मंदिर के अंदर लगे कांच के गेट को तोड़कर अंदर घुसे और माता का चांदी का छत्र, दान पत्र लगभग 10-12 हजार रूपये नगद व अन्य सामान चोरी कर कर ले गए। पुजारी अनिल शर्मा ने बताया कि जब सुबह आकर मंदिर का ताला खोला तो चोरी की घटना का पता लगा और मौके पर टाउन पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका देखा व पुजारी के बयान दर्ज करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए।



वैसे तो मुहब्बत का कोई दिन मुकर्रर नहीं होता। ये कभी भी कहीं भी किसी को किसी से हो जाती है। लेकिन हाल के वर्षों में वैलेंटाइन-डे को प्यार के वार्षिक उत्सव के रूप में मनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। मुहब्बत की कहानी तभी से शुरू हो गई थी, जब से इंसान ने धरती पर जन्म लिया। गुजरते वक्त के साथ इसकी मूल भावना भले न बदली हो पर इसके स्वरूप में बहुत बदलाव आ गए है। मुहब्बत की दास्तान और इसके बदलावों पर एक नजर।



# दास्तान-ए-मुहब्बत

# जज्बात वही-अंदाज नया

प्रेम ऐसा मानवीय अहसास है, जिससे कोई भी अछूता नहीं रहता। यह कुदरत की देन है। हमारी ऋतुएं भी प्रेम की बयार बहाने में मदद करती हैं।



**बदल गया प्रेम का स्वरूपः** इस वसुधा पर वसंत आता ही है, प्रेम का अहसास लेकर। वसंत और प्रेम का बहुत घना रिश्ता है। हमारा साहित्य प्रेम के ऐसे उद्गारों से भरा है। पहले के जमाने में प्रेम को सौ पर्दे में छिपाकर रखा जाता था कि कोई जान न ले। आज तो प्रेम जताने का चलन है। सोशल मीडिया ने सब कुछ उघार दिया है। लज्जा के वसन उतार फेंके हैं दिलफेंक प्रेमियों ने। लेकिन क्या वही प्रेम आज है, जो कभी हीर-रांझा में था, जो कभी रोमियो और जूलियट में था, जो कभी पिरामिस और थेसबी में था, जो लैला-मजनू में था? अब तो मजनू भी वैसे न रहे, न लैला ही, केवल मजनू के टीले बचे हैं, जहां प्रेम नदारद है। प्रेम की सुंदर अनुभूति को मनुष्य ने धीरे-धीरे बाजारू बना दिया है। हमने प्रेम की जड़ों को सींचने के बजाय काटना शुरू किया। हमने प्रेम के आख्यान लिखे, गीत लिखे, कविताएं लिखीं, मंदिरों के स्थापत्य को प्रेम के उत्कीर्णनों से भर दिया पर जीवन में प्रेम छीजता रहा।



**प्रेम बिना जीवन हो जाए नीरसः** कहते हैं, प्रेम एक ऐसी शै है कि यह छुप नहीं सकता। एक दिन सारी दुनिया जहान को पता चल ही जाता है कि बंदा प्रेम में है। लेकिन भले ही पता चल जाए, मुहब्बत करने वालों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रेम जीवन को संतुलित करने का नाम भी है। प्रेम को, जो काम की ही एक चैतन्य संज्ञा है, पुरुषार्थ चतुष्टय का अपरिहार्य अंग है। काम न हो, प्रेम न हो, राग न हो, अनुराग न हो, आसक्तियां न हों तो जीवन काहे का। यह मशीन की गतिशीलता बनाए रखने वाले लुब्रीकेशन की तरह है। यह न हो तो जीवन नीरस हो जाए। कविवर नीरज ने कहा ही है, *'प्यार अगर थामता न पथ में/ अंगुली इस बीमार उमर की/ हर पीड़ा वेश्या बन जाती/ हर आंसू आवारा होता।'* इस तरह प्रेम जीवन का एक अपरिहार्य पहलू है।

**बावरा मन करता है प्रेमः** कभी गीतकार रामावतार त्यागी के पत्रों की एक पुस्तक हाथ लगी थी। नाम था-चरित्रहीन के पत्र। हर पत्र में संबोधन के साथ अंत में लिखा होता था, 'तुम्हारा चरित्रहीन।' अद्भुत प्रेम की छुअन लिए पत्र थे। त्यागी जी ने एक गीत में लिखा है, *'अक्लमंदी हमारे नाम के आगे नहीं जुड़ती/ मगर भोले नहीं इतना कि जितना आम दिखते हैं/ हमें हस्ताक्षर करना न आया चेक पर माना/ मगर दिल पर बड़ी कारीगरी से नाम लिखते हैं।'* सच, मुहब्बत में अक्लमंदी नहीं चलती। वह तो बावरे मन का काम है।

कवियों ने प्रेम के ही गीत गाए। सगुण और निर्गुण प्रेम की धारा बहाई। मीरा, रसखान, पद्माकर, रत्नाकर प्रेम के ही कवि हैं। कृष्णमूर्ति कहते थे, 'जहां निर्भरता और आसक्ति है, वहां प्रेम नहीं रह सकता।'

**होने लगा है प्रेम का पूंजी प्रबंधनः** प्रेम को प्रबंधन करने का दौर चल पड़ा है। दिल की राह पर चलने वाले लोग, उपहारों के उत्कोच से प्रेम को बांधने का जतन करते हैं। पर सच्चा प्रेम कब इन उपहारों से बंधा है। जहां उपहारों की बारिश खत्म, प्रेम और मुहब्बत की सारी नवाजिश हवा हो जाती है। फिर निराला के इस गीत जैसा हाल ही प्रेमियों का होता है- *स्नेह निर्झर बह गया है, रेत ज्यों तन रह गया है।*

प्रेम सीधे-सच्चे स्नेह का पथ है। इस राह पर छली, कपटी दूर तक नहीं चल सकता। प्रेम के कई रंग हैं- पारिवारिक प्रेम, आत्मिक प्रेम, दांपत्य प्रेम, रूहानी प्रेम। इसी अनुरागमयता से यह संसार चल रहा है।

**आया चट चैट-पट प्यार का दौरः** प्रेम का जैसा लौकिक और अलौकिक बखान हमारे साहित्य में है, समाज में बिल्कुल नहीं। प्रेम सांसारिक भोग और विलास में बदल गया। आज मोबाइल पर हर दूसरा मैसेज प्यार का लिखा जा रहा है। हर शख्स आई लव यू के बुखार से ग्रस्त है। चट चैट, पट प्यार का फार्मूला ईजाद हो रहा है पर प्यार है कि जीवन में घुल ही नहीं रहा। अब चिट्ठियों का जमाना नहीं रहा कि महीनों लिफाफे से मुहब्बत की खुशबू आती थी। लोग उसे दिल के तहखाने में छुपा के रखते और एकांत में खोल कर पढ़ा करते थे। आज इंटरनेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स प्यार के इजहार का मंच बन गए हैं। प्रेम और वासना की रीलें बनाई जा रही हैं। इंटरनेट प्रेम कहानियों से भरा है, पर जीवन मे प्रेम नदारद है।

**जरूर खोलिए प्यार का एकाउंटः** एक बार फिर वैलेंटाइन-डे आ पहुंचा है प्रेम की याद दिलाने। वह जैसे हमारी देहरी पर दरवाजा खटखटा रहा है। लेकिन सच्ची मुहब्बत करने वाले खूबसूरत लोग अब नहीं दिखते हैं। ऐसा इसलिए कि हमने सच्चे दिल से अपने जीवन में प्रेम का खाता नहीं खोला। इसलिए यदि जीवन को बचाना है, समाज को बचाना है, मन को बेगानेपन से बचाना है तो क्रिएट ए लव एकाउंट। प्रेम का खाता जरूर खोलिए जीवन में। मुहब्बत के जज्बे को संकीर्ण न होने दीजिए। एक हाथ मुहब्बत का आगे बढ़ाइए, देखिए सौ हाथ आगे बढ़ कर आपका हाथ थाम लेंगे। तब आप भी नीरज की तरह कह उठेंगे, *'एक नहीं, दो नहीं, करोड़ों साझी मेरे प्यार में।'* *

### प्रेमारंभ की प्राचीन मान्यता

प्रेम की भावना यों तो हर किसी में इनबिल्ट होती है, पर रुढ़ियों पुरानी कहानी है, जब ईडन गार्डन में आदम ने दो पक्षियों, दो पशुओं को आपस में अभिसार-मुद्रा में देख ईश्वर से पूछा कि यह क्या है? तो ईश्वर ने कहा यह प्रेम है। ये सभी प्रेम में आबद्ध हैं। तब उदास होकर आदम ने कहा मेरे जीवन में तो कोई है ही नहीं। मैं किससे प्रेम करूं? ईश्वर ने कहा, 'तुम प्रतीक्षा करो कल तक।' कुछ देर में आदम को वहीं एक पेड़ के नीचे गहरी नींद आ गई। जगा तो उसे एक सुंदरी दिखी। वह उसके प्रेम के वशीभूत हो बैठा। प्रेम के इस वर्जित फल को चखने का परिणाम ही है यह सृष्टि।



# महान हस्तियों के यादगार प्रेम पत्र

आज के दौर मे प्रेमी युगल को भले ही अपनी फीलिंग प्रकट करने के लिए पत्र लिखने की जरूरत नही रह गई है। लेकिन प्रेम पत्र लिखने का दौर भी बहुत खूबसूरत रहा है। कई प्रसिद्ध हस्तियों के पत्र तो आज भी हर प्रेम करने वाले के लिए किसी धरोहर से कम नहीं हैं।



जब से मैंने आपके बारे में सुना है, मेरे प्रभु! मैं आपकी ओर पूरी तरह से आकर्षित हो गई हूं। कृपया शिशुपाल से मेरे विवाह से पहले अवश्य आएं और मुझे ले जाएं। अगर आप मुझ पर यह कृपा नहीं करते हैं, तो मैं उपवास और कठोर व्रतों का पालन करके अपना जीवन त्याग दूंगी। तब शायद अगले जन्म में मैं आपको प्राप्त कर सकूंगी।' यह संसार का संभवतः सबसे पहला प्रेम पत्र है, जो रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को लिखा था। यह पत्र हमें श्रीमद्भागवतम के सर्ग 10 के अध्याय 52 में मिलता है।

**पत्रों में व्यक्त होती थीं भावनाएंः** जब कॉल्स व इंस्टेंट मैसेजिंग का दौर नहीं था। तब प्रेमी अपने इश्क का इजहार करने के लिए अपने जज्बात शब्दों में पिरोकर कागज पर अंकित कर दिया करते थे। चिट्ठियों का वो दौर भी क्या दौर था कि प्रेमी या प्रेमिका के लिए दिल की गहराइयों से निकले हुए सुनहरे अल्फाज साहित्य की अमर कृतियां बन गई हैं।

**कैफी आजमी-शौकतः** बीस दिन गुजर चुके थे और शायर कैफी आजमी को अपनी प्रेमिका शौकत (बाद में पत्नी) की कोई खबर नहीं मिली थी। उन्हें लगा कि शौकत उनसे किसी बात पर नाराज हो गई हैं। उन्हें मनाने के लिए रात में 1 बजे कैफी ने अपने खून से एक प्रेम पत्र लिखा, 'तुम्हें लिखने के बाद मैंने लिफाफे को बंद किया और बिस्तर में चला गया यह सोचते हुए कि कुछ नींद आ जाएगी, लेकिन नींद नहीं आई। मैंने तुम्हारे पिछले खत को फिर पढ़ा और अपने आंसू रोक न सका। शौकत, ये मेरी बदकिस्मती है कि तुम्हें मुझ पर या मेरे प्यार पर यकीन नहीं है। कुछ दिन से मैं कुछ नहीं सोच रहा हूं, सिवाय इसके कि तुम्हें किस तरह से यकीन दिलाऊं कि मैं तुमसे प्यार करता हूं। मैंने एक ब्लेड से अपनी कलाई पर गहरा घाव कर लिया है और अब अपने खून से तुम्हें खत लिख रहा हूं। महीनों मैंने अपने प्यार के लिए आंसू बहाए हैं और अब मैं खून बहा रहा हूं। मुझे नहीं मालूम हमारा भविष्य क्या है। मोती (शौकत का प्यार का नाम), मुझे बहुत गहरा सदमा लगा है। तुम ये कैसे लिख सकती हो- 'अब मैं जान गई हूं कि उसकी आंखें मुझ पर नहीं हैं बल्कि किसी और पर हैं, जो उसे समझती नहीं है, न ही वह उसे समझना चाहती है?' इन शब्दों को वापस ले लो, शौकत, और मेरे प्यार का मजाक मत उड़ाओ। अगर तुम मेरे लिए कुछ नहीं कर सकती, तो कोई बात नहीं। तुम्हें प्यार करते ही मैं जान गया था कि मेरे लिए कोई उम्मीद नहीं है। खुदा मेरी हिफाजत करेगा। तुम्हें मेरे प्यार पर, मेरे इरादे पर शक है कि मैं तुमसे शादी करूंगा या नहीं। मैं सिर्फ इतना कह सकता हूं कि एक दिन मैं तुम्हें और दुनिया को साबित कर दूंगा कि मैं तुमसे कितना प्यार करता हूं। मेरी शौकत, मेरा और मेरे प्यार का क्या होगा। हम तुम एक दूसरे से इतनी दूर हैं कि तुम्हारे लिए मेरे दर्द को देखना मुमकिन नहीं है। अगर तुम्हें मेरी कोई बात बुरी लगी हो तो मुझे माफ कर देना। प्यार और ढेर सारा प्यार, तुम्हारा कैफी।'



शौकत के साथ कैफी आजमी

**जॉन कीट्स-फैनी ब्रॉनेः** रोमांटिक कवि जॉन कीट्स की प्रेमिका फैनी ब्रॉने ने उनके प्रेम पत्र पढ़कर लिखा था, 'मुझे वह शब्द मत लिखो, जिनसे तुम्हारा ज्ञान-काबिलियत प्रकट होती हो, बल्कि वह अल्फाज लिखो जो तुम्हारे दिल की गहराइयों से निकले हों।' इसके बाद कीट्स ने अपने प्रेम पत्रों की शैली बदल दी थी और अपने दिल के जज्बात कागज पर बयान करने लगे थे। एक बानगी देखिए, 'तुम हमेशा नई लगती हो। तुम्हारा पिछला चुंबन सबसे अधिक मीठा था, तुम्हारी पिछली मुस्कान सबसे अधिक चमक लिए हुए थी, तुम्हारा नागिन की तरह पिछला चलने का अंदाज सबसे अधिक दिलकश था। जब कल तुम मेरी खिड़की के पास से गुजरी थीं तो मेरे प्यार भरे जज्बात वैसे ही उमड़े थे, जैसे तुम्हें पहली बार देखने पर उमड़े थे। अगर तुम मुझसे प्यार न भी करतीं तो भी मेरा प्यार सारी उम्र तुम्हें ही समर्पित रहता।'



जॉन कीट्स-फैनी ब्रॉने

**व्लादिमीर नबोकोव-वेराः** व्लादिमीर नबोकोव की वेरा से पहली मुलाकात 1921 में हुई थी। व्लादिमीर के वेरा के लिए पत्र अपनी पूर्णता में यादगार हैं। एक पत्र में उन्होंने लिखा है, 'मेरी कोमल कली, मेरी खुशी, मैं तुम्हारे लिए क्या शब्द लिखूं? यह कितना अजीब है कि मेरा जीवन कार्य कागज पर कलम चलाना है, लेकिन मैं यह नहीं जानता कि तुम्हें कैसे बताऊं कि मैं तुम्हें प्यार करता हूं। ऐसी उत्तेजना और ऐसी दैविक शांति पिघलता बादल धूप में गुम होते हुए खुशी का पहाड़ और मैं तुम्हारे साथ तैर रहा हूं। तुम मैं, जलता, पिघलता और पूरा जीवन तुम्हारे साथ बादलों की गति जैसा है, उनका हवाई, शांत गिरना, उनका हल्कापन कोमलता और रंग भरी आसमानी विविधता-मेरा प्रेम। मैं इस एहसास को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकता।' *

वैलेंटाइन डे के दिन जब वे अपनी पत्नी के साथ टहलने पहुंचे। जब चलते-चलते थक गए और घास पर बैठकर सुस्ताने लगे। तभी एक सुरक्षाकर्मी प्रकट हुआ। डंडा घुमाते हुए बोला, 'क्या हो रहा है यहां?' शादी के बाद बची-खुची अकड़ समेटकर उन्होंने कहा, 'क्या मतलब है जी आपका?' उसने आंख मारते हुए पहला सवाल दोहराया, 'क्या कर रहे हो यहां?'

# वैलेंटाइन डे पर हुई मुसीबत



इधर 'वैलेंटाइन डे' का त्यौहार सिर पर है और दिमाग का दही हुआ पड़ा है। यह दिवस एक देशव्यापी त्यौहार बन गया है, जो प्रति वर्ष नियत तिथि पर मनाया जाता है। यह अनोखा त्यौहार बाजारों में भारी चमक-दमक के साथ आता है, लेकिन मनाने में दम निकल जाता है। कई लोगों को हर्षोल्लास की बजाय चोरी-छिपे मनाना पड़ता है। उपहारों का आदान-प्रदान गोपनीय रखना पड़ता है।

गो कि मिठाई चुपके से 'गप' कर लो और चबाते हुए मुंह चलाने का पता भी न चले। युवा अपने अभिभावकों से मुंह छिपाए घूमते हैं। वे घरों से निकलते हैं, अपनी वैलेंटाइन के लिए उपहार खरीदते हैं और उपहार को निपटा कर ही वापस लौटते हैं। बेचारे उम्रदराज, बड़ी उलझन में होते हैं। अधिकार प्राप्त निजी वैलेंटाइन के साथ भी मुश्किल में पड़ जाते हैं।

मेरे जैसे सठिया, खूसटों के द्वारा यह त्यौहार मनाना तो दूर, कुछ सूझता तक नहीं है! वैलेंटाइन डे की बात सूझने मात्र से पत्नी जी का मुंह सूज जाने का भय बना रहता है। उसे दुनिया की सभी स्त्रियों में वैलेंटाइन दिखाई देने लगती है। घर के दरवाजे पर आई बेचारी सेल्स गर्ल अपने उत्पाद के बारे में कुछ बताए, इसके पूर्व पत्नी इतना उत्पात मचा देती है कि वह पतली गली से भाग निकलती है।

एक वाकया याद आ रहा है। पिछले साल हुआ यों कि 'वैलेंटाइन डे' पर अपनी असली पत्नी के साथ 'टहलू पार्क' में टहलने गया था। हम चलते-चलते थक गए और घास पर बैठकर सुस्ताने लगे। तभी एक सुरक्षाकर्मी प्रकट हुआ। डंडा घुमाते हुए बोला, 'क्या हो रहा है यहां?'

मैंने शादी के बाद बची-खुची अकड़ समेटकर कहा, 'क्या मतलब है जी आपका?'

उसने आंख मारते हुए पहला सवाल दोहराया, 'क्या कर रहे हो यहां?'

मुझे क्रोध आया, 'हम थक गए थे। अब बैठे सुस्ता रहे हैं।'

वह जोर से हंसा, 'अरे उम्र का लिहाज करो। थकाने वाले काम करते क्यों हो?'

मुझे उसका मंतव्य समझ आ गया, अतः हाथ जोड़कर कहा, 'टहलते हुए थकान हो गई थी इसलिए बैठे हैं, अभी चले जाएंगे।'

मेरी बात समाप्त होते ही वह तपाक से बोला, 'किसके साथ बैठे हो?'

मैंने सीना ठोक कर कहा, 'पत्नी के साथ?'

उसने पत्नी जी को देखा। फिर मुझे देखा और बोला, 'किसकी पत्नी?' दरअसल, पत्नी जी अब भी पुरानी कविता सी दिखती हैं और मैं आज के व्यंग्य जैसा बिखरा-बिखरा खड़ूस हो गया।

मैंने पत्नी जी का हाथ पकड़ा और अकड़ते हुए जवाब दिया, 'मैं अपनी पत्नी के साथ हूं, समझे।'

वह पुलिसिया डंडा घुमाते हुए बोला, 'हम कैसे मान लें?'

फिर हम दोनों के हाथ पर डंडा रख दिया। मुझे अपने 'आधार' की ताकत याद हो आई। मैंने अपने कुर्ते की जेब से दोनों के आधार कार्ड निकाल कर उसकी हथेली पर पटक दिए। वह डंडे को अपनी बगल में दबाए पैर फैला कर खड़ा हो गया और कार्ड्स में छपे छाया चित्रों से हमारी सूरतें मिलाने लगा। फिर दूसरे हाथ से टोपी के अंदर अपनी खोपड़ी खुजलाते हुए बोला, 'तुम्हारी सूरत को ठीक मान भी लें... पत्नी जी की सूरत मेल नहीं खा रही!'

मुझे 'आधार' निराधार लगने लगा। हालांकि, भ्रम हमें भी था कि हमारे आधार कार्ड में छपी सूरतें हमारी ही हैं!

तभी पार्क से हमारे पड़ोसी के बच्चे की आवाज आई, 'अरे! अंकल-आंटी आप लोग यहां हैं, मैं कब से आप लोगों को ढूंढ रहा हूं। घर में ताला पड़ा है और जीनू भैया आप लोगों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।'

हम दोनों बिना कुछ कहे घर की ओर चल दिए। सुरक्षा कर्मी डंडा घुमाते हुए आगे बढ़ गया। मैंने चलते हुए पत्नी जी से कहा, 'तुम तो कभी मेकअप करती नहीं। लेकिन फोटो खिंचाते समय क्या लिपस्टिक लगाना जरूरी है? बेचारा! सुरक्षाकर्मी कन्फ्यूज हो गया था।'

पत्नी जी ने कनखियों से मुझे देखा, 'मैं हूं ही इतनी सुंदर।'

मैंने उनके कदम से कदम मिलाते हुए कहा, 'हैप्पी वैलेंटाइन डे।' वो मुस्कुरा दीं। *

# 'तुम अगर साथ देने का वादा करो'



वैलेंटाइन वीक का पांचवां दिन है प्रॉमिस डे। साल का एक दिन प्यार का वादा करने के लिए और उसके बाद जिंदगी भर उस वादे को निभाने के लिए मुकर्रर एक दिन। प्रसिद्ध कनैडियन कवि और गायक लिओनार्ड कोहेन का एक बहुत फेमस गीत है, जिसमें वह कहते हैं कि 'अभी उन्हें मीलों लंबा सफर तय करके जाना है, अपना एक वादा निभाने के लिए।' तो कभी हिंदी सिनेमा के नायक-नायिका एक-दूसरे से किए वादे याद दिलाते हुए कहते हैं, जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा। आम जिंदगी में लोग भले एक-दूसरे से कही हुई बातें, किए हुए वादे भूल जाएं, लेकिन मुहब्बत में किए गए वादे भुलाने के लिए नहीं, बल्कि ताउम्र याद रखे जाने और याद दिलाए जाने के लिए होते हैं। तो चलिए, आज रिलेशनशिप कॉलम में प्रॉमिस डे के बहाने बात करते हैं, वादों की अहमियत की। जानते हैं कि वादों को निभाया कैसे जाता है और जो लोग सचमुच अपने किए वादे निभाते हैं, वो किस तरह के इंसान होते हैं। दुनिया में कोई ऐसे प्रेमीङ्क्षप्रेमिका नहीं होंगे, जिन्होंने एक-दूसरे को ताउम्र चाहते रहने का वादा न किया हो, लेकिन उनमें से कितने ऐसे हैं, जो सचमुच उस वादे को निभा पाते हैं। कितनी मुहब्बतें बरकरार रहती हैं और कितनी टूट जाती हैं। बात सिर्फ रोमांटिक लव की नहीं है। बात एक-दूसरे के प्रति मनुष्यता बरतने, एक-दूसरे की परवाह करने और हमेशा एक-दूसरे का भला चाहने की है। हम कोई और वादा करें, न करें, लेकिन एक-दूसरे से ताउम्र इंसान बने रहने का वादा जरूर करना चाहिए। वादे निभाना मुश्किल नहीं है, बशर्ते हमने ऐसे वादे किए हों, जो जमीनी हों। अगर आपने आसमान से तारे तोड़कर लाने का वादा कर दिया तो जाहिर है, उसे कभी नहीं निभा पाएंगे। वो ऐसा वादा नहीं करेंगे कि मैं ताउम्र तुम्हें दीवानों की तरह चाहूंगा। लेकिन वो ये वादा जरूर करेंगे कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अपनी मनुष्यता और तुम्हारा ख्याल रखना नहीं छोड़ूंगा। वादे निभाने का एक मोटा अर्थ ये भी होता है, अपनी बातों पर, अपनी जबान पर कायम रहना। जो लोग अपनी जमीन से जुड़े होते हैं, हमेशा सोच-समझकर बात करते हैं और हवाई बातें नहीं करते, वो अक्सर हवा-हवाई वादे भी नहीं करते। चूंकि वो ठोस बात करते हैं और उनके पांव भी ठोस जमीन पर जमे रहते हैं। भरोसेमंद- अगर कोई अपनी बात पर कायम रहता है, प्रॉमिस पूरा करता है तो इसका मतलब है कि वह भरोसेमंद इंसान है। भरोसेमंद होना इंसान की सबसे बुनियादी खूबसूरती में से एक है। अगर आपका पार्टनर भरोसेमंद है तो समझ लीजिए इस मुश्किल जिंदगी की आधी जंग आप जीत चुके हैं। जिम्मेदार- वादे निभाने का एक अर्थ ये भी है कि आप एक जिम्मेदार इंसान हैं।

# सरकारी बाबू द्वारा अधिवक्ता से मारपीट प्रकरण में बार एसोसियेशन ने कमेटी का गठन किया

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वीरवार को सांखिकिय विभाग के एक बाबू विनोद गुप्ता के द्वारा अधिवक्ता प्रेटी सिंह के साथ की गई मारपीट को लेकर अधिवक्ताओं मे सोमवार को भी बेहद रोष रहा। प्रेस सचिव बार एसोसियेशन एडवोकेट सुमेश शर्मा ने बताया की इस घटना क्रम को लेकर बार एसोसियेशन के हाल मे आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे समस्त अधिवक्ता उपस्थित हुए। आम सभा का आयोजन अध्यक्ष जसवन्त सिंह भादू,उपाध्यक्ष विनोद सिवर, सचिव अशोक सैनी के सानिध्य मे आयोजित की गई। इस आम सभा मे अध्यक्ष जी द्वारा दो दिवसीय पेन डाउन हड़ताल का प्रस्ताव सदन मे रखा। जिस पर समस्त उपस्थित सदस्यों द्वारा सहमति प्रदान की गई। सभा को पीड़ित अधिवक्ता प्रेटी सिंह द्वारा समस्त घटनाकर्म का विवरण सदन मे रखा। उसके द्वारा कार्मिक बाबू के खिलाफ पूर्व मे की गई शिकायत का की



जानकारी भी सदन मे रखी गई। सदन को पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम बिश्नोई ने संबोधित करते हुए कहाँ की प्रशास्निक दबाव के कारण ही स्त्रढ्ढक्र दर्ज करवाने मे भी जोर आ गया था। उन्होंने निदनीय घटना करार किया। सदन को राधेश्याम गोयल, पूर्व अध्यक्ष जशवीर मिशन, जोली भाटिया, बलराज पब्बी, प्रवीण आहूलुवालिया, नरेंद्र प्रसाद, रणजीत सारड़ीवाल, भुरामल स्वामी, चरणदास कम्बोज , लक्ष्मण सिंह,बार संघ राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य नवरंग चौधरी, ओम रावल ने भी संबोधित किया।। वरिष्ठ अधिवक्ता चरणदास कंबोज, नवरंग चौधरी,ओम रावल के द्वारा अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहाँ की प्रेटी सिंह एक शांत स्वभाव व कर्म शील अधिवक्ता है उसके खिलाफ वर्तमान तक कोई भी शिकायत नही आई। क्यों की अधिवक्ता आफिसर ऑफ द कोर्ट होता है इसलिए उन्हे नियम और जानकारी के लिए अक्सर अधिकारियों कर्मचारियों के पास जाना पड़ता है। प्रेटी सिंह भी इसी लिए गया था। कार्मिक विनोद गुप्ता के व्यवहार को लेकर समस्त अधिवक्ताओं मे रोष है। जिला कलेक्टर के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम दिये ज्ञापन मे हाँ है की विनोद गुप्ता सांठ गांठ कर सदेव पब्लिक डीलिंग वाली जगहो पर पोस्टेड रहा है वो आम जन ही नही अधिवक्ताओं के साथ भी सदेव अभद्र व्यवहार पैसों के लिए करता है। उन्होंने कहाँ की विनोद गुप्ता द्वारा जान बुझ कर स्वय लोक दस्तावेज फाड़े व नेमप्लेट तोड़ी फिर अधिवक्ता प्रेटी सिंह पर झूठा मुकदमा 55/2025 कोतवाली मे दर्ज करवाया।

अधिवक्ताओं मे चरणदास कंबोज, सीताराम विश्नोई,राजेश ग्रेवाल, राजनिश सिडाना, एस पी एस खुराना, हरजीत सिंह जोली, साहिल कुमार, अभिसार, राहुल सोनी, हिमांशु गुप्ता, विशाल आहुजा, विक्रम पुनिया, रमनप्रीत सिंह, अनिल सोनी, महेंद्रा, कुंदन लाल जोशी, लक्ष्मण, रणजीत सारड़ीवाल,डॉ भुवनेश शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या मे अधिवक्ता ज्ञापन देने मे मौजूद रहे।

# हनुमानगढ़ की बेटी अमायरा बनी इंडियन बॉलीवुड क्राउन की उपविजेता

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ की नन्ही प्रतिभा अमायरा ने इंडियन बॉलीवुड क्राउन प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रस्तुति से उपविजेता का खिताब जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर शहरवासियों ने अमायरा का भव्य स्वागत किया और उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

यह प्रतिष्ठित शो तुलसी इंटरप्राइजेज द्वारा आयोजित किया गया था, जिसका निर्देशन सुनील समार्टी ने किया। यह शो मॉडलिंग पर आधारित था और इसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया। लेकिन खास बात यह रही कि महज 5 साल की उम्र की अमायरा ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया और उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया।



अमायरा के पिता जावेद खान ने बताया कि अमायरा को बचपन से ही नृत्य और गायन का शौक था। परिवार ने उसकी इस रुचि को पहचाना और उसे आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग किया। उन्होंने कहा, अमायरा की मेहनत और लगन ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। इतनी छोटी उम्र में इतना बड़ा खिताब जीतना हमारे लिए गर्व की बात है। शो के डायरेक्टर सुनील समार्टी ने भी अमायरा की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि इंडियन बॉलीवुड क्राउन का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को उचित मंच देना था। उन्होंने कहा, अमायरा ने सबसे छोटी उम्र में इतना बड़ा मुकाम हासिल किया है, जो काबिले तारीफ है। उसका आत्मविश्वास और मंच पर प्रस्तुति देने की क्षमता गजब की है। यही वजह है कि उसने इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया और यह खिताब अपने नाम किया। अमायरा की इस शानदार सफलता के बाद हनुमानगढ़ शहर में उसका भव्य स्वागत किया गया। लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और फूल-मालाओं से उसका अभिनंदन किया। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति, रिश्तेदार, दोस्त और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## 'द न्यू फेस ऑफ इंडिया' में हनुमानगढ़ के बेटे कुशाल जाट निभाएंगे जज की भूमिका

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** देश के युवा मॉडल्स और डांस प्रतिभाओं को एक उचित मंच देने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा गुलिस्थानपुर की बेटी एकता भाटी ने अपने अनूठे पहल द न्यू फेस ऑफ इंडिया की शुरुआत जयपुर से की। इस मंच के माध्यम से देशभर के प्रतिभाशाली युवा अपनी कला और टैलेंट को प्रस्तुत कर सकते हैं। एकता भाटी ने बताया कि द न्यू फेस ऑफ इंडिया अब तक 5 सफल सीजन पूरे कर चुका है और अब सीजन 6 की तैयारियां जोरों पर हैं। इस सीजन में शो पार्टनर के रूप में 19 वर्षीय शिवम यादव उनके साथ काम कर रहे हैं। शिवम यादव, पुत्र शिंभुदयाल यादव, ने सीजन 5 में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से जयपुर में अपनी अलग पहचान बनाई थी।

# दिल्ली में ऐतिहासिक जीत में योगदान देने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान

❑ विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम ❑ श्रीगंगानगर से भाजपा के पक्ष में प्रचार करने दिल्ली गए थे कार्यकर्ता

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत में योगदान देने वाले भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का भव्य अभिनंदन किया गया। भाजपा किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि दिल्ली के राजौरी विधानसभा क्षेत्र से विजयी हुए विधायक मनजिंद्र सिंह सिरसा के पक्ष में प्रचार के लिए सादुलशहर क्षेत्र से गए भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के लिए सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के नेतृत्व में उनके निवास स्थान चक पांच एलएनपी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष छपिंद्र सिंह प्रतापपुरा, सहकारी



समिति के उपाध्यक्ष कुलशंतसिंह कड़वासरा, भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष निशानसिंह कडवासरा, हिंदुमलकोट मंडल अध्यक्ष अमृतपाल मंटू, रोहित मिड्डा खाटलबाना, हरप्रीत सिंह, सुखचैन सिंह, खुशविंद्र सिंह धालीवाल आदि भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को भाजपा के पटके पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर जोरदार सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक गुरवीर सिंह बराड़ ने कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठावान एवं अनुशासन में रहकर पार्टी हित में दिन-रात एक कर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं की बदौलत ही दिल्ली में भाजपा को प्रचंड बहुमत हासिल हुआ है। उल्लेखनीय है कि भाजपा हाईकमान के निर्देश पर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ के नेतृत्व में सादुलशहर ब्लाक से कार्यकर्ताओं की टीम चुनाव प्रचार के लिए राजौरी विधानसभा क्षेत्र में गई थी।

इस अवसर पर पूर्व डायरेक्टर बलदेवसिंह बराड़, भूपेंद्रसिंह बराड़, सहकारी समिति चेयरमैन मुंसफ अली राठ, पूर्व सरपंच बख्तावर सिंह भुप्पल, कुंभाराम मेघवाल, जगसीरसिंह तख्तहजारा, भामाशाह गुरमीत सिंह महल मोरजंडखारी, व्यापार मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष प्रवेश गोयल, पूर्व पार्षद अमन मक्कड़ सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजपाल सिंह दोषमुक्त, न्यायालय ने दी राहत

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रैट, एनआई प्रकरण हनुमानगढ़ में पीठासीन अधिकारी नेहा आरजेएस ने राजपाल सिंह को एक महत्वपूर्ण मामले में दोषमुक्त कर दिया है। मामला वर्ष 2010 में चेक की गुमशुदगी से संबंधित था, जिसे लेकर परिवादी मनीष कुमार सिंगल ने 2012 में परिवाद दायर किया था। परिवादी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि समाचार पत्र का संपादक अभियुक्त का परिचित था, जिससे प्रकाशित सूचना पर संदेह उत्पन्न होता है। इसके अतिरिक्त, परिवादी अपने साक्ष्यों के माध्यम से यह प्रमाणित नहीं कर सका कि उसने अभियुक्त को कब और कितनी राशि दी थी। इस आधार पर न्यायालय ने माना कि अभियुक्त के खिलाफ धारा 139 के तहत कोई विधिक प्रवर्तनीय दायित्व सिद्ध नहीं हो सका। न्यायालय ने कहा कि अभियुक्त द्वारा पुलिस में शिकायत न करने मात्र से प्रदर्श डी-2 की प्रामाणिकता पर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। अभियुक्त ने अपने साक्ष्यों से धारा 139 की धारणा को सफलतापूर्वक खंडित किया है। इन तथ्यों के मद्देनजर, न्यायालय ने राजपाल सिंह को दोषमुक्त घोषित किया । उक्त मामले में अभियुक्त की और से मनोज अरोड़ा व कुणाल गौड़ एडवोकेट ने पैरवी की।

# पूर्व राज्यमंत्री राम सिंह राव का मक्कासर में भव्य स्वागत

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** मक्कासर गांव में सोमवार को पूर्व राज्यमंत्री श्री राम सिंह राव का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यह स्वागत समारोह श्री रवि दादरवाल (जिला उपाध्यक्ष, ओबीसी विभाग, हनुमानगढ़) के निवास स्थान पर आयोजित किया गया, जहां उपस्थित ग्रामीणों और गणमान्य व्यक्तियों ने श्री राम सिंह राव का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्री तरुण विजय (जिला उपाध्यक्ष, डीसीसी हनुमानगढ़), श्री मनीष मक्कासर (प्रदेश सचिव), डॉ. रामेश्वर ओड़िया, सुभाष दादरवाल, प्रेम



जागरवाल, रामस्वरूप भाटी ,श्योपत घोड़ेला, शेर सिंह, वकील कुमार, नरेश कुमार और नीरज कुमार सहित कई सम्माननीय व्यक्ति मौजूद रहे। गांव के लोगों ने श्री राम सिंह राव के नेतृत्व और समाज सेवा में उनके योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में पूर्व राज्यमंत्री श्री राम सिंह राव ने सभी ग्रामीणों का धन्यवाद किया और कहा कि वे हमेशा जनसेवा और विकास कार्यों के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता रही है और वे आगे भी इसी भावना से कार्य करते रहेंगे। इस स्वागत समारोह में ग्रामीणों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि श्री राम सिंह राव का मार्गदर्शन और सहयोग हमेशा समाज के लिए प्रेरणादायक रहा है। कार्यक्रम के अंत में श्री रवि दादरवाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी ग्रामीणों को धन्यवाद दिया।

हनुमान


पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ श्री सिद्ध हनुमान मंदिर का धर्मोत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न

**श्रीगंगानगर।** नई धान मंडी में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर का 38 वां धर्मोत्सव आज पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हो गया। विगत 2 फरवरी को आरंभ हुए धर्मोत्सव में अनेक धार्मिक अनुष्ठानों व कार्यक्रमों के साथ श्रीमद् भागवत कथा भी करवाई गई। आज सुबह मुख्य यजमान चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष इंजीनियर बंशीधर जिंदल ने सपरिवार मंदिर परिसर में बालाजी की चौकी पर ध्वजा अर्पित की। अन्य यजमानों-पुरुषोत्तम अग्रवाल, टोनी अग्रवाल, विजयसिंह शेखावत, मंदिर संचालक रामगोपाल पांडूसरिया, किशन मिस्त्री, राजेश अग्रवाल और रामधन गर्ग आदि ने भी सपरिवार पुजारी अरविंद पांडेय और प्रदीप पाठक के सानिध्य में ध्वज की पूजा अर्चना की। इस मौके पर राजेश कंसल और सतीश गुप्ता आदि बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। इसके उपरांत हवन यज्ञ प्रारंभ हुआ। हवन यज्ञ में मुख्य यजमान और अन्य यजमानों ने सपरिवार तथा उपस्थित सभी भक्तजनों ने आहुतियां डालीं। पुजारी अरविंद पांडेय और प्रदीप पाठक तथा उनकी पूरी टीम ने विधि विधान पूर्वक हवन यज्ञ व अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाएं। इसके बाद दरबार में आरती की गई। मुख्य यजमान बंशीधर जिंदल द्वारा भंडारे का भोग बालाजी महाराज तथा अन्य देवी-देवताओं को लगाया गया। उन्होंने तथा अन्य यजमानों ने पूजन सामग्री का विधि पूर्वक विसर्जन किया। धर्मोत्सव के आज अंतिम दिन विशाल भंडारा लगाया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। मंदिर प्रबंध समिति के संचालक रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि धर्मोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में अग्रवाल सेवा समिति, चेंबर ऑफ कॉमर्स, रोटरी क्लब डायमंड, कच्चा आढतिया संघ और गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन का पूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने धर्म उत्सव

# रीको पार्क की सार-संभाल व देखरेख अन्य ठेकेदार को ठेका देने की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** द ईगल फाउंडेशन सदस्यों ने रीको पार्क की सार-संभाल व देखरेख के लिए वर्तमान ठेकेदार की जगह किसी अन्य ठेकेदार को ठेका देने की मांग की है। इस संबंध में फाउंडेशन सदस्यों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रशांत सोनी के अनुसार जंक्शन में श्रीगंगानगर बाइपास रोड पर सार्वजनिक रीको पार्क है। इस पार्क की साफ-सफाई व सार-संभाल का कार्य ठेके पर दिया गया है लेकिन ठेकेदार की ओर से पार्क में न तो साफ-सफाई करवाई जाती है और न ही पार्क की सार-संभाल की जा रही है। पार्क की चारदीवारी भी टूटी पड़ी है। इस कारण



निराश्रित पशु पार्क में लगे पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। असामाजिक तत्व व नशेड़ी प्रवृत्ति के लोगों का जमावड़ा पार्क में रहता है। इस कारण महिलाएं व बच्चे पार्क में जाने से गुरेज करते हैं। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले भी नशेड़ी प्रवृत्ति के लोग उतार कर ले गए हैं। बावजूद इसके ठेकेदार की ओर से इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने मांग की कि रीको पार्क के वर्तमान ठेकेदार को बदलकर किसी अन्य को ठेका दिया जाए ताकि पार्क की सार-संभाल हो सके। इस मौके पर अभय, राहुल सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# धर्म के अमर बलिदानी : साहिबजादा अजीत सिंह

साहिबजादा अजीत सिंह जिन्हें बाबा अजीत सिंह के नाम से भी जाना जाता है वे एक साहसी, निडर थे जो सिख धर्म के मूल सिद्धांतों पर विश्वास रखते थे। उनका जन्म 11 फरवरी 1687 को पोंटा साहिब में हुआ था इनके पिता गुरु गोविन्द सिंह थे जो सिखों के 10 दसवें गुरु थे इनकी माता का नाम माता सुंदरी था। इनका लालन-पालन आनंदपुर में हुआ जहाँ इन्होंने धार्मिक ग्रन्थ, इतिहास व दर्शन की शिक्षा हासिल की। उन्होंने जीवन सिंह (भाई जैता) से घुड़सवारी, तलवारबाजी और तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इन्हें बचपन में ही सिख धर्म की शिक्षाओं का ज्ञान हो गया था। इन्होंने अपने पिताजी गुरु गोविन्द सिंह जी व दादा गुरु तेगबहादुर जी द्वारा दिखाये गये अध्यात्मिक मार्ग व सिख धर्म के सिद्धांतों व उपदेशों को जीवन में न केवल उतारा अपितु धर्म व देश की रक्षा के लिए अनेक युद्ध किए व अपना बलिदान दिया था। अजीत सिंह ने 12 वर्ष की आयु में अपनी वीरता व साहस के जौहर दिखाये थे। जब वे 12 वर्ष के थे उस समय मुस्लिम जनजाति, पैगम्बर 'नोह के रंगहरो' ने उत्तर-पश्चिम पंजाब के 'पोथोहर' क्षेत्र से आने वाली सिख संगत पर हमला कर उन्हें लूट लिया था।

गुरु गोविंद सिंह जी ने 100 सिखों के साथ अजीत सिंह को गाँव में सहयोग के लिए भेजा। वे 23 मई 1699 को उक्त गाँव में पहुँचे और अपनी वीरता व साहस के बल पर लूटी हुई संपत्ति वापिस करवाई व उन्हें दंडित भी किया था।

इसी प्रकार 'आनन्दपुर' व 'निर्मोहगढ़' की लड़ाई में अजीत सिंह ने वीरता के जौहर दिखाए थे। आनंदपुर शहर में गुरु गोबिंद सिंह ने पांच किले बनवाए थे अजीत सिंह को तारागढ़ साहिब की रक्षा का प्रभार सौंपा गया था तथा अनुभवी सैनिक भाई उदयसिंह को साथ भेजा गया था। 29 अगस्त को पहाड़ी सरदारों ने किले पर हमला किया था अजीत सिंह ने उदयसिंह व अन्य सिख सैनिकों के साथ मुँह तोड़ जवाब दिया था युद्ध चार दिनों तक चला अंत में उन पहाड़ी सरदारों को खदेड़ दिया था।

इसी प्रकार 15 मार्च 1701 को 'सियालकोट' के पास आ रही सिख संगत को गुज्जरों और रोंजरों ने घेर लिया। तब अजीत सिंह ने अपने सिख सैनिकों के साथ उनका मुँह तोड़ जवाब दिया था। 1702 में निर्मोहगढ़ की लड़ाई व बाद में वसोली की लड़ाई में साहिबजादा अजीत सिंह ने अपनी सिख सैनिकों के साथ अपनी वीरता दिखाते हुए मुगलों को परास्त किया था।

साहिबजादा अजीत सिंह ने मार्च 1703 में देवीदास ब्राह्मण जिसकी पत्नी को बस्सी कलां गाँव में जबार खान ने जबरन उठा लिया था को उन्होंने भाई उदयसिंह व लगभग सौ सिखों के साथ, गाँव की



घेराबंदी कर युद्ध किया जिसमें जबार खान मारा गया और ब्राह्मण को उसकी पत्नी वापस लौटा दी। गाँव के लोगों ने साहिबजादा अजीत सिंह की प्रशंसा की थी।

साहिबजादा अजीत सिंह ने चमकौर के दूसरे युद्ध में भी अपनी वीरता दिखाई थी। चमकौर किले में जहां गुरु गोविन्द सिंह अपने 40 सिखों के साथ रुके हुए थे तो मुगलों ने किले पर हमला किया इस युद्ध में कई सिख शहीद हो गए। 22 दिसम्बर 1704 को हुए इस भारी युद्ध में सिख सैनिकों की संख्या 40 थी जबकि शाही सेना की संख्या लाखों में थी। सिखों को एक-एक करके शहीद होते देख साहिबजादा अजीत सिंह जो गुरुजी के साथ अटारी में बैठकर दुश्मनों पर तीरों की बारिश कर रहे थे उन्होंने चमकौर किले से बाहर जाकर दुश्मनों के साथ युद्ध करने की अनुमति माँगी। गुरु गोविन्द सिंह ने बड़े बेटे अजीत सिंह को अपने हाथ से शस्त्रों से सजाकर युद्ध भूमि में पाँच सिखों के साथ भेजा। रणभूमि में जाते ही साहिबजादे अजीत सिंह ने अपने तीरों के वार से दुश्मनों को खदेड़ना शुरू किया तथा दुश्मन सैनिक पीछे हटने लगे जब साहिबजादे के तीर खत्म हो गए तो दुश्मन सैनिकों ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। साहिबजादा अजीत सिंह ने म्यान से तलवार निकाल ली और बहादुरी से दुश्मनों पर टूट पड़े व लाशों के ढेर लगा दिए पर दुश्मन सेना ने उन्हें घेरकर वार करना शुरू किया लड़ते-लड़ते उनकी तलवार के टुकड़े हो गए तब उन्होंने म्यान से दुश्मनों का सामना किया पर दुश्मन सैनिकों की संख्या अधिक थी उन्होंने साहिबजादा पर प्रहार कर उन्हें मौत की नींद सुला दिया।

इस प्रकार साहिबजादा अजीत सिंह अपनी वीरता के जौहर दिखाते हुए देश पर बलिदान हो गए। गुरुद्वारा 'कटलगढ़' अब उस स्थान को चिन्हित करता है जहाँ वे शहीद हुए थे। दिसम्बर-जनवरी माह में उनकी शहादत को याद करने के लिए शहीदी जोड़ मेला के रूप में जाना जाने वाला एक वार्षिक मेला आयोजित किया जाता है।

पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ के बड़े शहर 'अजीतगढ़' का नाम साहिबजादा अजीत सिंह की याद में अजीतगढ़ (अजीत का घर) रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अजीत सिंह साहिबजादा व जुझार सिंह तथा साहिबजादे जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदान को 26 दिसम्बर का दिन 'वीर बाल दिवस' (बहादुर बच्चों का दिन) के रूप में मनाने तथा इन वीर बालकों को सम्मान देने के लिए दुनिया भर के सिखों के बीच यह मनाया जाता है। साहिबजादे अजीत सिंह सिख धर्म के पवित्र शहीदों के रूप में याद किये जाते हैं।

संकलनकर्ता
**मनीराम सेतिया**
सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य
109-एल ब्लॉक, श्रीगंगानगर
मो.नं. 98871-22040

# विद्यार्थियों ने सीखा पौधों की पहचान का वैज्ञानिक तरीका

## वनस्पति विज्ञान कार्यशाला का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** एस.जी.एन. खालसा पी.जी. कॉलेज, श्रीगंगानगर के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा टैक्सोनॉमी और स्थानीय वनस्पति की पहचान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमित कोटिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, वनस्पति विज्ञान केवल विज्ञान का एक विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण और प्रकृति के संतुलन को समझने का माध्यम भी है। पौधों की पहचान और संरक्षण को लेकर इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे।



कार्यशाला का प्रथम सत्र सुबह 10:30 बजे शुरू हुआ, जिसमें डॉ. अमित कोटिया ने पौधों की पहचान और टैक्सोनॉमी पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि टैक्सोनॉमी का वैज्ञानिक अध्ययन पौधों की पहचान और वर्गीकरण में किस प्रकार सहायक होता है। उन्होंने पौधों के विकास, उनके औषधीय गुणों, जैव विविधता और पारिस्थितिकी में उनकी भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की। विद्यार्थियों ने बड़े ध्यान से उनके व्याख्यान को सुना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पौधों की पहचान करने की तकनीकों को समझा। दोपहर 12 बजे से कार्यशाला का दूसरा सत्र प्रारंभ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को स्थानीय वनस्पति की पहचान और वर्गीकरण की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों की सहायता से पौधों की संरचना, उनकी पत्तियों, फूलों और अन्य जैविक विशेषताओं का गहन अध्ययन किया।

इस सत्र में एस.जी.एन. खालसा पी.जी. कॉलेज के अलावा अन्य महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को जैव विविधता के संरक्षण के महत्व से अवगत कराया और उन्हें अपने आसपास की वनस्पति को पहचानने और वर्गीकृत करने की प्रेरणा दी। इसके बाद, प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह ने मुख्य वक्ता डॉ. अमित कोटिया का आभार व्यक्त किया और उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। इस कार्यशाला के सफल आयोजन में संयोजक श्री हरदीप सिंह, समन्वयक डॉ. बिंदु पठेला और समन्वयक श्री मोहित कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अतिथिगण उपस्थित रहे। इस कार्यशाला ने सभी प्रतिभागियों को वनस्पति विज्ञान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया, जिससे वे अपने शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यों में लाभान्वित होंगे।

# जागरुकता: सेफर इंटरनेट डे पर बताएं साइबर क्राइम से बचने के तरीके

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा राज्य एवं जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है । इसी के क्रम में जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी संकल्प शर्मा के निर्देशन में राउमावि मोतीगढ़ मे कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद् मोहर सिंह सलावद ने कहा कि साइबर अपराध विशेषकर बैंक और निवेश के नाम से फर्जी कॉल व फर्जी लिंक भेजकर बैंक खाते से रकम उड़ाने की घटनाओं को रोकने के लिए आम जन द्वारा इन्टरनेट का सुरक्षित उपयोग करना आवश्यक है। इसी के प्रति जागरूकता बढाने के लिए प्रति वर्ष 11 फरवरी को मनाए जाने वाले सेफर इन्टरनेट डे की इस वर्ष की थीम टूगेदर फॉर ए बेटर इन्टरनेट रखी गई है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना



प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस दिन राज्य व जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर रहा है। इसमें आमजन को बताया जाएगा कि मजबूत, अद्वितीय पासवर्ड सेट करें। 123456 या श्क्ष्ह्यह्य2श्ह्स्त्र जैसे आसान पासवर्ड का उपयोग करने से बचें। सुरक्षित इंटरनेट दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम है जो वैश्विक रूप से मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।साइबर स्वच्छता एक ऐसी प्रक्रिया है जो व्यक्तियों को उनके उपकरणों और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा बनाए रखने में मदद करती है। जैसे आप कीटाणुओं से बचने के लिए हाथ धोते हैं, वैसे ही साइबर स्वच्छता में आपकी ऑनलाइन आदतों को साफ करना शामिल है ताकि आप अपनी डिजिटल जिंदगी को सुरक्षित रख सकें। अच्छी साइबर स्वच्छता से फ़िशिंग, हैकिंग और मैलवेयर जैसी चीजों से आपके व्यक्तिगत खातों और उपकरणों को प्रभावित होने से रोका जा सकता है। इस अवसर पर प्राचार्य सीमा मैथिल,कंप्यूटर अनुदेशक विनय गोयल ने भी साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताएं। इस अवसर पर शाला के अब्दुल समद पंवार,संतोष कुमार,भजन लाल,जयसिंह राठौड़ सहित सभी स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहें। इसी प्रकार से महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल गाढ़वाला में अध्यापक पवन शर्मा ने विद्यार्थियों को जानकारी दी।

# झांकी वाले बाबा के दरबार में जो आ गया लूट के ले गया...

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी स्थित सिद्धपीठ श्रीझांकी वाले बालाजी मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय अखण्ड राम नाम संकीर्तन की पूर्णाहूति सोमवार शाम सवा छह बजे भजनों की सरिता के साथ सम्पन्न हुई। इस मौके पर खुल रहयो बाबा को भंडार लुटावै झांकी वालो... सहित अन्य श्रद्धालु झूम उठे। झांकी वाले बाबा के दरबार में पांच दिवसीय उत्सव में जो भी आया राम नाम की मस्ती लूट के ले गया। हजारों लोगों की भीड़ में हर किसी की जुबां पर एक ही बोल थे सियाराम जय जय सियारामा सियारामा जय रामा जय जय राम...। पूर्णाहूति के मौके पर बाबा का दरबार जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर श्री जगदम्बा अंध विद्यालय के स्वामी निजानन्द जी ने कहा कि जिन्होंने राम नाम की गंगा में गौता लगा लिया, उसने बड़े बड़े तीर्थों का पुण्य प्राप्त कर लिया। इलाके की जनता भाग्यशाली है, जिन्हें झांकी वाले बाबा के दरबार में राम नाम संकीर्तन में भाग लेने का अवसर मिला। उन्होंने मंदिर की ओर से भारी भीड़ में व्यवस्थाओं की सराहना की। मंडल संरक्षक सेठ शंकरलाल बजाज, सुरेन्द्र चौधरी, बनवारीलाल मीणा, मदनगोपाल अग्रवाल, सुरेन्द्र सिंगल पुजारी, मुख्य सेवादार प्रेम अग्रवाल, शंकरलाल अग्रवाल, वरिष्ठ सेवादार नरेश गोयल, महेन्द्र सैनी, ब्रिजेश तलवार ने इस मौके पर झांकी वाले बालाजी का चांदी का सिक्का जारी किया। इस मौके पर सुरेन्द्र सिंगल पुजारी ने मचादी राम नाम की रोल सांवरिया तेरे भगतां..., सांवरिया नंद किशोर... मोपे दीनों हरो रंग डार... मेरे कान्हा जो आए पलट के... सहित अन्य भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। मुख्य सेवादार प्रेम अग्रवाल ने आए हुए भक्तों पर पुष्प वर्षा की एवं सुरेन्द्र चौधरी 'प्रधानजी' ने आए हुए सभी भक्तों का आभार जताया। वृंदावन से आए संत हितमोहन जी ने बुलालो वृंदावन गिरधारी नाथ मेरी बीती उमरिया सारी..., जहां बिराजे राधा रानी अलबेली सरकार... सहित कई भजन सुनाए तो श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

# रविदासनगर एवं गुरूनानक बस्ती के 36 छोटे बच्चों को शूज व जुराबे वितरित

**श्रीगंगानगर।** भारतीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य विकास समिति श्रीगंगानगर के तत्वावधान में रविदासनगर एवं गुरूनानक बस्ती के 36 छोटे बच्चो को शूज व जुराबे वितरित की । इस कार्य में रामसिंह सोढा, विजय उपवेजा, सुनीता तलवार, जगीरचन्द फरमा, रेणु अग्रवाल, मनीराम सेतिया, इन्दूभूषण चावला का विशेष सहयोग रहा। मुख्य अतिथि श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं जगीरचन्द फरमा व अध्यक्षता मनीराम सेतिया कार्यक्रम संयोजक इन्दूभूषण चावला विशिष्ट अतिथि रितिका अरोड़ा, रजनी पुन्यानी थे। शूज व जुराबें मिलने पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। श्रीमती रेणू अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में हमारे देश में बच्चों की शिक्षा पर बहुत अधिक ध्यान दिया जा रहा है। शिक्षा मनुष्य का शारीरिक, मानसिक, नैतिक व चारित्रिक विकास को अर्थात शिक्षा वह है जो मनुष्य का सर्वागीण विकास करें इस क्रिया में छोटे बच्चों को खेल खेल में शिक्षा का ध्यान देना है, उनके रहन सहन, पहनावे को अच्छा बनाना है साफ सुथरा करना है। बच्चा जहाँ भी रहता है उसके आस-पास व स्वय की स्वच्छता पर ध्यान देना है। आंगनवाडी केन्द्रो में बच्चे के स्वास्थय का बहुत ही अच्छे तरीके से ध्यान रखा जाता है। हमे समय-समय पर उनके लिए गणवेश व अन्य जरूरत की सुविधाए उपलब्ध करवानी है। जगीर चन्द



फरमा ने अभिभावको को बताया कि बालक की स्वच्छता के साथ पूर्व प्राथमिक विधालयों एवं आंगनवाडी केन्द्रो पर नन्हे नन्हे बच्चे आते है। अभिभावको से आग्रह है कि वे बच्चे को अच्छे तरीके से तैयार करके केंन्द्र पर भेजे। अभिभावकों को बच्चों के लिए प्रेरित किया कि वे उन्हे संस्कारवार बनाये माता पिता व बडो का आदर करना सीखाए हमें अभिभावको के अन्दर उत्साह भरना है, जागरूक करना व उत्साही बनाना है। हमें त्याग और सेवा की भावना से नित्य अपने ग्राम, नगर के विधालय एवं आगंनवाडी केन्द्रो में भाग लेकर बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना है। हमे बालको को भारतीय संस्कृति की पहचान करानी है बच्चों को बाल्यकाल से ही ऐसी शिक्षा प्रदान करनी है जिससे बालक अपने आस-पास का वातावरण को जान सकें। मनीराम सेतिया ने कहा कि बालक का सर्वागीण विकास तभी हो सकेगा जब हम उनके चरित्र क निर्माण व उज्जवल भविष्य के लिये उनको अच्छी शिक्षा देनी है। स्वच्छ वातावरण से ही बालक के मस्तिष्क का विकास सम्भव है बालक का सर्वागीण विकास का आधार शिक्षा है जैसी बालक की शिक्षा होगी उसी अनुरूप बालक का विकास होगा आज विधालय व आंगनवाड़ी केन्द्र मानवीय मूल्यो का एक ऐसा कर्मस्थल है जहा कर्म बृद्धि के स्थान पर ज्ञान बृद्धि का विकास होता है। हमें स्वस्थ वातावरण से उपलब्ध करवाना है।

# श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं नर्मदेश्वर महादेव की मूर्ति स्थापना की



**सूरतगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** श्री बालाजी मित्र मंडली की तरफ से संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं नर्मदेश्वर महादेव की मूर्ति स्थापना की गई। मुख्य यजमान अशोक मखीजा श्रीमती सुनीता मखीजा, प्रभु राम शर्मा श्रीमती समेर शर्मा ने सपत्नीक पूजा अर्चना करके हवन के बाद विधि विधान से नरमदेश्वर महादेव की मूर्ति स्थापना करवाई । श्रीमद् भागवत कथा वाचक शास्त्री पंडित अमृत सरस्वत कृष्णामृत, शास्त्री पंडित रामस्वरूप शर्मा, शास्त्री पंडित श्रीभगवान शर्मा, पंडित नारायण शर्मा, पंडित गंगाधर शर्मा ने मंत्र उच्चारण के साथ मूर्ति स्थापना के बाद महाआरती करके प्रसाद वितरण किया । मूर्ति स्थापना के अवसर पर अंबेडकर भवन में श्री बालाजी मित्र मंडली की तरफ से लंगर भंडारे का आयोजन किया गया। कथावाचक पंडित अमृत सारस्वत कृष्णामृत, बालाजी मित्र मंडली के अध्यक्ष गोपीराम गोदारा, मुख्य यजमान अशोक मखीजा, प्रभु राम शर्मा, मंदिर के पुजारी तपेश्वर, रामानंद सहित श्री बालाजी मित्र मंडली के सेवादारों ने लंगर भंडारे में खीर पुड़ी का प्रसाद वितरण करके लंगर भंडारे का शुभारंभ किया।

# कैरियर डे मेला एवं प्रधानमंत्री परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

**रावतसर (जनमार्ग न्यूज)।** आज पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतसर में कैरियर डे मेला एवं प्रधानमंत्री परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी एवं सेवानिवृत सहायक निदेशक वस्तु एवं कर श्री भानु जी सोलंकी ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में पधारे श्री हरलाल सहारण ए पी सी समसा कार्यालय हनुमानगढ़, श्री रूप सिंह राजपुरी आदि मेहमानों ने प्रधानाचार्य श्री सत्यदेव राठौड़ के साथ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया द्य कार्यक्रम में पधारे समस्त मेहमानों का विद्यालय परिवार द्वारा माल्यार्पण एवं साफा पहना कर स्वागत किया गया द्य कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने शानदार



मॉडल एवं स्टॉल की प्रदर्शनी लगाई जिन्हें सभी मेहमानों ने खूब सराहा एवं बच्चों हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का सभी बच्चों एवं मेहमानों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से आनन्द लिया। कैरियर डे कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं से पधारे एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया जिसमे रामदेव कंसल्टेंट सर्विस रावतसर से पधारे श्योप्रकाश राजोतिया द्वारा ई कॉमर्स कैरियर व श्री गजेंद्र शर्मा द्वारा कानून एवं विधि क्षेत्र की जानकारी दी। श्री भानु सिंह जी सोलंकी ने उत्पाद एवं सेवा शुल्क एवं श्री रूप सिंह राजपुरी ने बच्चों को साहित्य एवं लेखन कैरियर के बारे में बच्चों को अवगत करवाया। नाथ कंप्यूटर से पधारे पवन ओझा द्वारा बच्चों को कंप्यूटर के क्षेत्र में रोजगार संबधित जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा चौधरी रूपराम आई टी आई से पधारे सुश्री पूजा द्वारा इलेक्ट्रिशियन व पलंबर क्षेत्र, सतीश कुमार व्याख्याता द्वारा कृषि व राजीव गोदारा वरिष्ठ शारिरिक शिक्षक द्वारा खेल के क्षेत्र के बारे में तथा श्री रामप्रताप व्याख्याता द्वारा कला विषय व रमेश कुमार व्याख्याता द्वारा बच्चों को अपने कैरियर बनाने में समर्पण भाव से तैयारी करने के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जिला समसा कार्यालय से पधारे ए पी सी श्री हरलाल सहारण ने बच्चों को विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में बताया व बच्चों को अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनानें हेतु प्रेरित किया गया ताकी उनकी पढ़ाई में कोई बाधा उत्पन्न ना हो। कार्यक्रम के अंत में सभी मेहमानों का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ ने कार्यक्रम में पधारे समस्त मेहमानों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्वास्थ्य अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज अन्य कर्मचारी को देने की मांग



**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनवर अली खान के नेतृत्व में जिला उपखंड अधिकारी को स्वास्थ्य अधिकारी का किसी अन्य कर्मचारी - अधिकारी को अतिरिक्त लिंक अधिकारी के रूप में चार्ज देने का निवेदन किया। अनवर अली ने बताया कि नगरपरिषद में स्वास्थ्य अधिकारी के हस्ताक्षर व रिपोर्ट हेतु प्रतिदिन बहुत प्राथी आते हैं। स्वास्थ्य अधिकारी के फील्ड ऑफिसर होने की वजह से उनका हर समय नगरपरिषद में मिलना संभव नहीं होता। जिस वजह से लोगों को अपने कार्य हेतु अधिक समय तक इंतजार करना पड़ता हैं। ऐसे में ज्ञापन देकर मांग की गई है कि स्वास्थ्य अधिकारी पद के रूप में अतिरिक्त किसी अन्य कर्मचारी अधिकारी को लिंक अधिकारी के रूप में नियुक्त किया जाए।ज्ञापन देने वालों में अनवर अली खान , शबनम खान ,जावेद अली खान व राजेश बत्तरा समेत समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वार्षिकोत्सव 'जूनियर आनंद-2025' हर्षोल्लासपूर्वक सम्पन्न

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह गान तथा नृत्य प्रस्तुतियों से अदभुत समां बांधा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** श्री आत्म वल्लभ जैन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्रीगंगानगर का वार्षिकोत्सव 'जूनियर आनंद-2025' धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया गया। विद्यालय कॉर्डिनेटर मुकेश सेठी ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वीट टाइटल तारा मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह गान तथा नृत्य प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैन शिक्षा न्यास अध्यक्ष अमरचंद बोरड़, सचिव नरेश जैन, वरिष्ठ सदस्य शेर सिंह, निर्मल जैन, ट्रस्ट उपाध्यक्ष शक्ति जैन, सदस्य विकास जैन, श्रीमती माधुरी बोरड़, श्रीमती अंजू बोरड़, जगदीश राजोतिया, राकेश बोरड़, एडीईओ श्रीमती रचना मिड्ढा, समाजसेविका श्रीमती राधा शर्मा आदि गणमान्य व्यक्तियों द्वारा गुरु प्रतिमा, मां सरस्वती तथा भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। अतिथियों का तिलक वंदन के साथ माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इसके साथ-साथ कार्यक्रम में मौजूद समस्त आगंतुकों का विद्यालय परिवार द्वारा तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। प्रिंसिपल श्रीमती ममता अरोड़ा जैन ने बताया कि




विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कभी माहौल को भावुक बनाया तो कभी माहौल को इतना खुशनुमा बना दिया कि प्रांगण में बैठे प्रत्येक व्यक्ति को अपने बचपन की मनमोहक स्मृतियां ताजा हो गई। बच्चों के नृत्य प्रस्तुति में कहीं दादा-दादी, नाना-नानी का प्यार, तो कहीं फास्ट फूड और हेल्दी फूड की लड़ाई, कहानी जादू तो कहीं चांद सितारे तो कहीं छोटे-छोटे तमाशे नजर आए। उन्होंने कहा कि श्री आत्म वल्लभ जैन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का लक्ष्य संस्कार युक्त सर्वांगीण शिक्षा का विकास है। इसलिए जूनियर आनंद-2025 की विशेषता यह रही कि बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति का प्रत्येक गीत भारतीय संस्कृति से जुड़ाव बढ़ाने वाला रहा। इसी संस्कारयुक्त शिक्षा को बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ सभी के सामने मंच पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में भारतीय संस्कृति को बखूबी उजागर करता नृत्य कत्थक सेमी क्लासिकल तथा गिद्दा नृत्य भी देखने को मिला, जिसने सभी में जोश और उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के दौरान मजेदार प्रश्नोत्तरियां भी रखी गई। कार्यक्रम में तीन लक्की ड्रॉ भी निकल गए तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एडीईओ श्रीमती रचना मिड्ढा तथा समाजसेविका श्रीमती राधा शर्मा को विद्यालय परिवार की तरफ से जैन शिक्षा न्यास सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

# अखिल भारतीय सिंधु महाजन सरोवर का राज्य स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़** अखिल भारतीय सिंधु महाजन सरोवर का राज्य स्तरीय प्रथम सम्मेलन रविवार को झूलेलाल धर्मशाला सुरेशीया में आयोजित किया गया। हरिद्वार से दिल्ली सहित अन्य शहरो से होते हुए अखंड ज्योत 28 व 29 मार्च को हनुमानगढ़ जंक्शन पहुंचने पर ऐतिहासिक स्वागत सत्कार सनातन धर्म की ध्वजा फहराने का निर्णय लिया गया। पूज्य गुरु श्री हरिदास जी महाराज हरिद्वार वालों ने ऑनलाइन जुड़ अपने आशीर्वचन में कहां किअपने धर्म व संस्कृति को बचाने के लिए संगठित होकर अपने समाज को मजबूत बनाने मे अपना सकारात्मक भाव से सहयोग करे और 28 से 30 अप्रैल




तक कच्छ भुज गुजराज मे होने वाले ऐतिहासिक समागम में अपनी अधिक से अधिक उपस्थिति दर्ज करवाने का आग्रह किया । सम्मेलन में गुजरात से आये गोविंद भाई ने कहा कि आज का दिन वास्तव में ऐतिहासिक इसलिए है कि राज्य के अलग - अलग स्थानो पर समाज का कुशल नेतृत्व करने वाले जिम्मेवार प्रतिनिधि अहम हिस्सा बने है । हमारे पूर्वजो की भी यही इच्छा रही होगी कि हम अपने धर्म व समाज के प्रति हमेशा मजबूत कड़ी के रूप मे संगठित होकर अपना दायित्व निभाए ।प्रदेश सह मंत्री घनश्याम हरवानी पदमपुर व प्रदेश उप प्रमुख श्री ओंकार दास भदरा (बबलू),प्रदेश उप प्रमुख अनिल कुमार श्रीगंगानगर व पूर्व पार्षद मनोहर अमलानी एवं लालचंद बदरा सहित भानुशाली व कच्छी समाज के प्रमुख वक्ताओं ने अखिल भारतीय सिंधु भानुशाली महाजन सरोवर के राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता द्वारा खेलों से जुड़ने व नशे से दूर रहने का दिया संदेश

### वाटा सुपर किंग्स ने जीत हासिल कर खिताब जीता



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** होलसेल ऑटोमोबाईल्स ट्रेडर्स एसोसिएशन, श्रीगंगानगर द्वारा सुखाड़िया सर्किल स्थित एसडी कॉलेज खेल मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी दीपक लखोटिया ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में वाटा रॉयल्स के कप्तान राजीव अरोड़ा के नेतृत्व में टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 197 रन बनाए, जिसमें निशु सनेजा ने शतक के साथ सर्वाधिक 103 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाटा सुपर किंग्स की टीम ने कप्तान पीयुष सोनी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 ओवर में जीत हासिल की तथा प्रकाश लखोटिया ने भी शतक बनाते हुए 123 रन का योगदान दिया, जिन्हें मैन ऑफ दी मैन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी अमित गुप्ता, दीपक लखोटिया व निशु सनेजा ने बताया कि प्रतियोगिता में युवाओं को खेलों से जुडने तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया तथा सभी खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष बलदेव नागपाल, गौरीशंकर गुप्ता, सुभाष टाक, गिरीश कुमार, हनुमान दास, राजेन्द्र जोशी, बिट्टु धुन्ना, भगवान दास, रवि सहित होलसेल ऑटोमोबाईल्स ट्रेडर्स एसोसिएशन पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# नागरिक संघर्ष समिति ने मंडल प्रबंधक के नाम का ज्ञापन दिया

### रेल से सम्बन्धित समस्याओं को हल करने की मांग की

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** नागरिक संघर्ष समिति ने रेल समस्याओं को लेकर मंडल प्रबंधक के नाम का ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक को दिया। नागरिक संघर्ष समिति रेल संयोजक कांग्रेस लक्ष्मण शर्मा, संयुक्त सचिव एडवोकेट राम प्रताप तिवाड़ी, पूर्व पार्षद सत्यनारायण छिंपा, एडवोकेट कामरेड सखी मोहम्मद के नेतृत्व में रेल समस्याओं को लेकर स्टेशन अधीक्षक के कार्यालय पर प्रदर्शन करके उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल प्रबंधक के नाम ज्ञापन देकर अवगत कराया कि रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थाओं के कारण यात्रियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। एक टिकट खिड़की होने के कारण यात्रियों को टिकट नहीं मिलने के कारण मजबूरी में प्राइवेट बसों में सफर करना पड़ रहा है। सूरतगढ़ स्टेशन से लगभग 50 गाड़ियों का आवागमन रहता है, टिकट के लिए मशीन पिछले काफी दिनों से खराब पड़ी है, कैनाल लूप के मोहननगर, रायसिहनगर, करणपुर यात्रियों के लिए सिर्फ रेल ही साधन है, स्टेशनों के लिए जाने वाली यात्रियों को टिकट में नहीं मिलने से परेशानी का सामना



उठाना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन पर अंधेरा होने के कारण निर्माण की सामग्री की वजह से बच्चे महिला और बुजुर्ग यात्रियों को चोट लगने की घटनाएं भी हो रही है। सूर्योदय नगरी की तरफ टिकट खिड़की पर अंधेरा होने और आसपास गंदगी होने के कारण बुरा हाल है इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो नागरिक संघर्ष समिति रेल बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदर्शन के दौरान लोकसभा के अध्यक्ष गोपी राम शर्मा, कुंडिया सारस्वत समाज के पवन कुमार तावणिया, एडवोकेट सहदेव जोशी, एडवोकेट मनीष अग्रवाल, हुसैन मोहम्मद, सवाई सिंह, किशन लाल, गौरव सिडाना, मामराम जोशी, मुकेश कुमार, संजय सेतिया, भंवरलाल चांडक, शहाबुद्दीन गौरी, राजविंदर सिंह, संतोष कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## राजकीय विद्यालय 5ई छोटी में कैरियर मेला आयोजित



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय 5ई छोटी में कैरियर मेला प्रिंसिपल श्रीमती प्रसून रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ,जिसके मुख्यातिथि डायरेक्टर राजेंद्र चन्दोरा रहे।आज के करियर मेला का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुआ ।कैरियर मेले में सुरेंद्र इंस्टीट्यूट , वीडी मोटर्स ,अंकिता ब्यूटीपार्लर,कृषि विभाग ,आई टी आई, आरएससीआईटी के प्रतिनिधियों ने अपने अपने कोर्सेज के बारे में विस्तार से जानकारी देकर इन फील्ड में अपना करियर बनाने की जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में आए हुए विशेषज्ञों को उनके आगमन ओर मार्गदर्शन देने पर धन्यवाद दिया और बच्चों को दिए गए मार्गदर्शनुसार अपना करियर बनाने को प्रेरित किया ।मंच संचालन शिखा अरोड़ा ने किया ।बालकिशन गहलोत ,हिमांशु सेतिया , मनोज,पियूष सर,राजपाल,विमला देवी,मंजू बाला ,मंजू सिक्का , सुनीता ,पूनम,ममता , कौशल्या देवी ,संतोष रानी आदि शिक्षकों ने सहयोग किया

## श्री पीरखाना में 7 मार्च 2025 को होगा 28 वाँ शुभ सालाना दीवान, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** बाबा हरबंस लाल गर्ग चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दुख निवारण दरबार पीर निगाह, श्री पीरखाना, हनुमानगढ़ टाउन में आगामी 7 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले शुभ सालाना दीवान की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक श्री पीरखाना परिसर में ट्रस्ट के प्रधान श्रीराम गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें आयोजन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रधान श्रीराम गोयल ने बताया कि शुभ सालाना दीवान के तहत 2 मार्च रविवार को श्री पीरखाना से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके बाद 7 मार्च को भव्य सालाना दीवान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## तीन दिवसीय पूर्णिमा महोत्सव के तहत धार्मिक कार्यक्रम होंगे

### आज अखण्ड श्रीराम जाप प्रारम्भ होगा तथा बुधवार को पंचमेवा हवन व अन्नपूर्णा भण्डारा होगा

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** संत शिरोमणि श्रीबालाजी लड्डूवाले गुरुकुल धाम (श्रीमेहन्दीपुर वाले), श्रीगंगानगर में तीन दिवसीय पूर्णिमा महोत्सव के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सेवादार मनोहरलाल धींगड़ा ने बताया कि पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रमों के तहत प्रथम दिवस सोमवार को श्री बालाजी महाराज जी, श्री भैरों बाबा जी एवं श्री प्रेतराज सरकार जी को सोने-चांदी का चोला चढ़ाया गया। इसी कड़ी में 11 फरवरी, मंगलवार को प्रातः 8.15 बजे अखण्ड श्रीराम राम जाप प्रारम्भ होगा तथा पूर्णिमा पर 12 फरवरी, बुधवार को प्रातः 9.15 बजे अखंड श्रीराम राम जाप समापन होगा एवं प्रातः 10.15 बजे पंचमेवा हवन होगा तथा



प्रातः 11.30 बजे श्रीबालाजी महाराज को पंचमेवा भोग लगाया जाएगा। तत्पश्चात् दोपहर 12 बजे श्रीअन्नपूर्णा भण्डारा भोग होगा एवं दोपहर 12.15 बजे कंजक भोजन व दोपहर 12.30 बजे ब्राह्मण भोजन करवाया जाएगा। अन्नपूर्णा भण्डारा श्री बालाजी महाराज के भक्तों द्वारा लगाया जाएगा। सचिव भूपेन्द्र गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा पर पंचमेवा यज्ञ, पंचमेवा भोग, छप्पन भोग एवं अन्नपूर्णा भण्डारा होता है, जिसमें भारी संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग, युवा श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक शामिल होते हैं। शास्त्री ऋषिकुमार गौड़ पुजारी के अनुसार भाव से आने वाले श्रद्धालुओं के कष्टों का बाबा अवश्य निराकरण करते हैं। समस्त श्रद्धालुओं से पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त करने का आह्वान किया गया है।



## रासेयो का एक दिवसीय शिविर आयोजित

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** डॉ बी आर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में तीसरे एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत् शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. बलवंत सिंह चौहान की शुभकामनाओं के साथ की गई। प्रथम सत्र में सेंट्रल पार्क में योग करवाया गया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय प्रांगण में आयुर्वेदिक बगीचे हेतु बुनियादी कार्य किया गया । तृतीय सत्र में एन एस एस और पंजाबी भाषा क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित बीकानेर और जैसलमेर के भ्रमण पर एक लधु फिल्म दिखाई गई। चतुर्थ सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉण् राहुल, डॉ. सुशीला यादव, डॉ. भावना ग्रोवर, श्री जगदीप सिंह तुली के नेतृत्व में संपन्न हुई।

## श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा में वार्षिक भंडारे की उपलक्ष में निशान साहब को चोला वस्त्र पहनाया



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** कस्बे के श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा में शनिवार को वार्षिक भंडारा की उपलक्ष पर निशान साहिब के छोला की सेवा मनजीत सिंह पुत्र सोहन सिंह ने की इस दौरान पाठी गुरजीत सिंह ने गुरु अरदास कर संगत में देग बरताई श्री रविदास गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सोनू जेएमडी ने बताया कि 8 फरवरी को निशान साहिब को चोला वस्त्र बनाए गए पांच प्यारों की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहब पालकी में विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब भव्य नगर कीर्तन 11 फरवरी को चुनावढ के श्री गुरु रविदास गुरु द्वारा से रवाना होकर कस्बे के मेंन बाजार व बस स्टैंड से होते हुए चक 10 एल एल से होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचेगा इस भव्य नगर कीर्तन में जत्थेदार भाई बाज सिंह जी केसरी सिंह पुर वाले गुरु जस सुना कर संगत को निहाल करेंगे 12 फरवरी को सहज पाठ का भोग पड़ेगा इस दौरान बिदर सिंह जी खालसा रोड वाली हरियाणा द्वारा शब्द कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरतेगा इस अवसर पर लाभ सिंह कुलदीप सिंह विजय कुमार जसवंत सिंह सोहन सिंह सहित अन्य सेवादार मौजूद थे।

## सिटी थाना में तीन बेंच भेंट



**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** क्रेडिट एस एस ग्रामीण लिमिटेड सूरतगढ़ शाखा में सामाजिक सरोकार के तहत सिटी थाना में फरियादियों के बैठने के लिए स्टील की तीन बड़ी बेंच भेंट की गई। एरिया मैनेजर धर्मेंद्र चौबे, ब्रांच मैनेजर विपिन पुरी ने समाजसेवी धर्मवीर सैनी, सुभाष सिंह चौहान की प्रेरणा से सामाजिक सरोकार के तहत सिटी थाना में फरियादियों के बैठने के लिए तीन बड़ी बेंच सिटी थाना के एस आई माणक लाल, हेड कांस्टेबल जसवंत सिंह को भेंट की गई। एरिया मैनेजर धर्मेंद्र चौबे ने कहा सामाजिक सरोकार के तहत सिटी थाना में आवश्यकता अनुसार वाटर कूलर आर ओ सहित लगाने का प्रयास किया जाएगा। सिटी थाना के एस आई माणक लाल ने सभी का आभार प्रकट किया।

## लायंस इंटरनेशनल के 120 सदस्य वियतनाम रवाना

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लायंस इंटरनेशनल (प्रांत 3233 ई प्रथम) के प्रांतपाल पीएमजेएफ सुनील के नेतृत्व में 120 लायन सदस्य वियतनाम की 9 दिवसीय सद्भावना यात्रा पर रवाना हो गए हैं ।प्रांतीय जन संपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने बताया कि दिऊ एयरपोर्ट पर जैसे ही एक जैसी लायंस इंटरनेशनल लोगो लगी काली जैकेट और कैप पहने लायंस सदस्यों का समूह राधे-राधे जय घोष करते पहुंचा तो एक अलग ही नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर पहुंचे अनेक प्रांतीय पदाधिकारियों व लॉयन सदस्यों ने मंगल और शुभ यात्रा की कामना की। प्रांतीय सचिव एमजेएफ केसी शर्मा ने बताया कि वियतनाम भ्रमण के लिए 3



विशेष बसों का प्रबंध किया गया है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भ्रमण के साथ-साथ आपसी सद्भाव को बढ़ाना है। प्रांतपाल सुनील अरोड़ा ने यात्रा को सुगम व व्यवस्थित बनाने के लिए कॉर्डिनेटर पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ अशोक ठाकुर व कन्वीनर पीएमजेएफ नरेंद्र चांगिया, एमजेएफ ओपी मंगल, पीएमजेएफ रामकुमार गुप्ता व एमजेएफ प्रमोद खारीवाल को नियुक्त किया है। पूर्व प्रांतपाल अशोक ठाकुर ने बताया कि वियतनाम जाने वाले लॉयन सदस्यों में एकरूपता दिखने के लिए प्रांत की और काले रंग की एक विशेष जैकेट उपहार स्वरूप दी गई। मीडिया चेयरपर्सन एमजेएफ मीनू भारतीय के अनुसार प्रांत से विदेश भ्रमण करने वाला ऐसा प्रथम दल है, जिसमें 120 की रिकार्ड संख्या को छुआ है। सीटें सीमित होने के कारण बीस से अधिक लॉयन सदस्य प्रतीक्षा में रह गए हैं।

## सत्संग भवन में लंगर लगाया



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** श्री गुरु अर्जुन दास सत्संग भवन के संस्थापक एवं श्री रूद्र हनुमान सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गुरु अर्जुन दास जी द्वारा रविवार को सत्संग भवन में 628 वा लंगर लगाया गया। लंगर में केसर युक्त दूध, चना मसाला व, चनेआलु सब्जी-पूड़ी फल के प्रसाद का श्री रुद्र हनुमान जी को भोग लगाकर वितरण किया गया। समिति द्वारा सेवाएं श्री गुरु अर्जुन दास, हुकुम देवी, संगठन मंत्री सतपाल कोर, अनुज मल्होत्रा, पंडित नरेश शर्मा, आशा रानी, सुभाष छाबड़ा, राजेश अंगी, एम डी सतीश, राजरानी, दिया, खुशी, निशा, मीकीं नवनीत मलोट, साहिल, देवेंद्र, संजू, वकील जगतार सिंह, सिद्धू, पूनम,महेंद्र भटेजा व अन्य सदस्यों द्वारा दी गई।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय बुड्ढा जोहड़ में नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** नई किरण नशा-मुक्ति अभियान के पांचवे चरण के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय बुड्ढा जोहड़ में शनिवार को नशा मुक्ति एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ । इस कार्यशाला के अंतर्गत महाविद्यालय में शपथ,पोस्टर मेकिंग, निबंध, व्याख्यान और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की कार्यवाहक पर प्राचार्य आस्था जैन के अनुसार इस नशा मुक्ति कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और नशे से परिवार व समाज को बचाने हेतु प्रयास करना है । प्राचार्य ने आज की युवा पीढ़ी को नशे के दुष्परिणामों और इससे बचने के लिए युवा पीढ़ी की सहभागिता विषय पर छात्राओं को संबोधित किया ! युवा पीढ़ी को तम्बाकू व अन्य प्रकार के नशे से दूर रखने और नशा मुक्त स्वस्थ मानव समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया



! नशा मुक्ति भाषण प्रतियोगिता में मनजिंदर कौर और मनप्रीत कौर ने तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता सपना, सुरभि , मनजिंदर और संजू ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने भाग लिया।

## डीएवी फेस्ट का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुभारंभ

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** डीएवी कॉलेज में आज डीएवी फेस्ट का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप चौधरी संतोष कुमार सहारण तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में श्री हरिराम जी कुकना तथा गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में श्री मेघ राज बिसु और श्रीमती सरोज नैन रही। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मीनू पूनिया ने अतिथियों का पुष्पगुछ देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में गायन प्रतियोगिता एवम नृत्य प्रतियोगिता आयोजन का भी किया गया। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की गत वर्ष की परीक्षा में जिन विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया उन विद्यार्थियों को महाविद्यालय के द्वारा सम्मानित किया




गया। इसके अतिरिक्त गत एनसीसी तथा एनएसएस के जिन विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया उन विद्यार्थियों को भी सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के द्वारा वर्ष 2024- 25 में जिन खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। ऑल इंडिया लेवल पर हैंड बोल खिलाड़ी गोविंद गौड़,पावर लिफ्टिंग में युरेंद्र और बॉक्सिंग में निकिता को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चौधरी संतोष कुमार सहारण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसे पर बिना रुके मेहनत करनी चाहिए इसके अतिरिक्त हमें महिला शिक्षा को अधिक से अधिक बढ़ावा देना चाहिए। डीएवी फेस्ट 25 आयोजन समिति की अध्यक्ष प्राचार्य डॉ.मीनू पूनिया ने विधार्थियो संबोधित करते हुए कहा कि हमें निरंतर मेहनत करनी चाहिए और मेहनत करने वाली एक दिन जरुर सफल होते हैं उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राजस्थानी गीत, कव्वाली तथा अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की गई।कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर गोदारा, डॉ. जसप्रीत सिंह, अंजली सिंह, डॉ.कौर सिंह घोसी, डॉ विजय सोनी , डॉ सीता राम ताखर तथा अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ शिल्पा चौधरी और श्रीमती अनु गोदारा ने किया।

# नोजगे की लक्षिता राज्य स्तर पर चयनित

● इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ चयन ● जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में प्रदर्शित की थी प्रदर्शनी

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। नोजगे पब्लिक स्कूल के कक्षा सात (वी) की छात्रा लक्षिता का चयन राज्य स्तर पर होने वाले इंस्पायर अवार्ड के लिए हुआ है। इस छात्रा ने सरस्वती पब्लिक स्कूल, चहल चौक में हुए जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में अपनी प्रदर्शनी प्रदर्शित की थी। इस छात्रा को स्कूल प्रबंधन ने राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। गाइड टीचर शीतल छाबड़ा ने बताया कि लक्षिता इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी मानक 2023-24 में राज्य स्तर के लिए चयनित हुई है। यह प्रदर्शनी श्रीगंगानगर जिले में 10 व 11 फरवरी को आयोजित हुई थी। इसमें 195 चयनित विद्यार्थियों में से लगभग 130 विद्यार्थियों ने भाग लिया था इनमें से 13 विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। इस प्रदर्शनी का जजमेंट तीन सदस्यीय जुरी मेम्बर सुनील भाखर (प्रोजेक्ट एसोसिएट फ्रॉम अहमदाबाद), आरती चौधरी (प्रिंसिपल), श्याम सुंदर (प्रिंसिपल) थे। उनका प्रोजेक्ट नेम चेयर विद सेंसर था। ज्ञात रहे कि ज्यादा देर तक बैठने से जिन लोगों को कमर दर्द जैसी परेशानी होती है उन्हें ये हैं चेयर राहत प्रदान करेगी। लक्षिता द्वारा तैयार मॉडल की उपस्थित लोगों व गणमान्य अतिथियों ने सराहना की। लक्षिता राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड के प्रदर्शन को लेकर उत्साह है। स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. पीएस सूदन, डायरेक्टर जनरल सुरेन सूदन, प्रिंसिपल व अन्य स्टाफ सदस्यों ने लक्षिता बधाई दी है।




## अबोध बालक की टंकी में डूबने से मौत

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले के सादुलशहर थाना इलाके में अढ़ाई वर्ष के एक अबोध बालक की खेलते हुए पानी की टंकी में डूबने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दर्दनाक हादसा खेरूवाला के नजदीक ढाणी खीचडान में एक ईंट भट्ठा पर कल सोमवार को हुआ। केबीसी ईट भट्ठा पर मजदूरी करने वाले गोपालसिंह मजहबी सिख (26) ने पुलिस को बताया कि उसका अढाई वर्षीय पुत्र फतेहसिंह कल दोपहर भट्ठा परिसर में बनी पानी की एक टंकी में खेलते हुए गिर गया। उनको इसका पता नहीं चला। पुलिस के अनुसार गोपालसिंह को बच्चे के टंकी में डूबने का तब पता चला, जब उसकी लाश स्वतः ही पानी की सतह पर आने पर दिखाई दी।

## रवि कुमार सुरपुर ने संभाला संभागीय आयुक्त का पदभार

जनमार्ग न्यूज।



श्रीगंगानगर। भारतीय प्रशासनिक सेवा(आइएएस) के वर्ष 2004 बैच के अधिकारी हैं रवि कुमार सुरपुर ने बीकानेर में संभागीय आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया। वे इससे पहले वित्त (राजस्व) विभाग में सचिव पद पर कार्यरत थे। श्री सुरपुर जैसलमेर, हनुमानगढ़, सवाईमाधोपुर, भीलवाड़ा, कोटा और जोधपुर में जिला कलेक्टर तथा बीकानेर के प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में निदेशक रह चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री सुरपुर ने कहा कि राज्य सरकार की समस्त प्राथमिकताएं उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी। सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का समयबद्ध क्रियान्वयन करते हुए आमजन को अधिक से अधिक राहत प्रदान करने के प्रयास किए जाएंगे। इससे पहले संभागीय आयुक्त कार्यालय पहुंचने पर श्री सुरपुर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह ने उनकी अगवानी की।

## बिहाणी फार्मेसी महाविद्यालय में स्पोर्ट्स वीक 2025 का आगाज

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। सेठ गिरधारी लाल बिहाणी सनातन धर्म तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय में स्पोर्ट्स वीक-2025 (एनर्जिंग-माईड इंस्पाईरिंग हेल्थ) के आगाज पर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच खेला गया। इसकी शुरुआत तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव डॉ. आदित्य पेड़ीवाल ने बिहाणी खेल मैदान में क्रिकेट की पहली बॉल खेल कर की। इसके साथ-साथ टेबल टेनिस, कैरम, बैडमिंटन, वॉलीबाल एवं शतरंज प्रतियोगिताएं भी प्रारम्भ हुई। बिहाणी शिक्षा न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक जयदीप बिहाणी, ट्रस्ट महासचिव हिमांशु बिहाणी, निदेशक राजेन्द्र राठी, निदेशक अकादमिक डॉ. कविता चौधरी,



प्राचार्य संजीव ठक्कर एवं समस्त फार्मेसी स्टाफ सदस्यों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया।

## एक साथ दो घरों में चोरी की वारदात

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर शहर में दिन दिहाड़े एक साथ दो घरों में चोरी की वारदात होने का समाचार मिला है।पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। पुलिस के मुताबिक वार्ड नंबर 19 में गली नंबर एक निवासी रूपचंद सिंधी का परिवार विगत 7 फरवरी को मकान को ताला लगाकर हनुमानगढ़ में एक शादी समारोह में गया था। वहां से देर शाम को परिवार वापस आया तो घर के ताले टूटे हुए थे। अंदर अलमारी के ताले भी तोड़ रखे थे। सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। रूपचंद द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार रूपचंद के एक पड़ोसी घर में भी उसी दिन चोरी की वारदात हुई।यह मकान भी सुना पड़ा था। इस घर में क्या चोरी हुई है इसका अभी पता नहीं चला। पुलिस के अनुसार रूपचंद द्वारा बाद में दी गई रिपोर्ट में बताया गया कि अज्ञात चोर घर की अलमारी में रखें 20 तोला चांदी के जेवरात और लगभग 50 हजार रुपए चोरी कर ले गए। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## बाड़े से एक दर्जन बकरियां चोरी

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। सादुलशहर थाना क्षेत्र के गांव खैरुवाला में अज्ञात व्यक्ति रात को एक बड़े में बंधी हुई एक दर्जन बकरियां चोरी कर ले गए। पुलिस के अनुसार खेरूवाला के बुधराम बावरी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस के मुताबिक बुधराम के बारे में 9 -10 फरवरी की रात को 15 पालतू बकरियां बंधी हुई थीं। उसने सुबह देखा तो 12 बकरियां नहीं मिली। रात को कोई अज्ञात व्यक्ति 12 बकरियां अपने साथ ले वहां में डालकर ले गए। लगभग 10 दिन पहले इसी तरह की एक घटना चूनावढ थाना क्षेत्र के एक गांव में भी हुई थी।

## एसीबी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाया जन जागरूकता अभियान

जनमार्ग न्यूज।



श्रीगंगानगर। राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरुद्ध ''जीरो टोलरेन्स की नीति' को सुचारू रुप से लागु करने की मंशा के अनुरूप भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देशानुसार भ्रनिब्यूरो श्रीगंगानगर द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक प्रभारी पवन कुमार मीणा के निर्देशन में मंगलवार को भ्रष्टाचार के विरूद्ध आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से ''विशेष जागरूकता अभियान'' का आयोजन किया गया। श्रीगंगानगर में तैनात अधिकारी उप अधीक्षक पुलिस भूपेन्द्र सोनी, उप अधीक्षक पुलिस एवं ब्यूरो वेदप्रकाश लखोटिया तथा स्टाफ की अलग-अलग टीम ने श्रीगंगानगर शहर, श्रीकरणपुर, केसरीसिंहपुर, सादुलशहर एवं लालगढ जाटान में जन संवाद करते हुये ब्यूरो के हेल्पलाईन टोल-फ्री नम्बर 1064 एवं व्हाटसप न. 94135-02834 पर भ्रष्टाचार सम्बधी सूचना देने का आहवान किया तथा सरकारी/अर्द्धसरकारी एवं सार्वजनिक स्थानो पर जागरूकता पोस्टर चस्पा किये गये।

## मोबाइल ठीक करवाने बाजार गई युवती लापता

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले के रावला शहर की एक युवती बाजार में मोबाइल फोन ठीक करवाने गई तो लापता हो गई। पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर 7 निवासी विजय मेघवाल ने रिपोर्ट दी है कि उसकी बहन पूजा (23) परसों रविवार को दोपहर 3ः15 बजे अपने मोबाइल फोन का लॉक खुलवाने के लिए बाजार जाने का कहकर गई थी। उसके बाद लापता हो गई।उसका मोबाइल फोन उसी समय से बंद है। जानकारी के अनुसार पूजा बीएड कर रही है।

## अनूपगढ़ में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

● 8 दुकानों के लिए सैंपल, 120 लीटर घटिया तेल किया नष्ट

जनमार्ग न्यूज।



अनूपगढ़। अनूपगढ़ में चल रहे डाडा पम्माराम मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। विभाग की टीम ने मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के साथ मेले में लगी अस्थायी दुकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 8 दुकानों से जलेबी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए और लगभग 120 लीटर घटिया तेल को नष्ट कर दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी हेतराम खुड़िया के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में दुकानदारों को कड़े निर्देश दिए गए। उन्हें सभी खाद्य पदार्थों को ढककर रखने और खाद्य सुरक्षा विभाग के नियमों का पालन करने को कहा गया। विशेष रूप से यह निर्देश दिया गया कि कोई भी खाद्य सामग्री अखबार पर रखकर न बेची जाए और तेल का तीन बार से अधिक प्रयोग न किया जाए। केंद्रीय बस स्टैंड के पास 12 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में अनूपगढ़ और आसपास के शहरों से दुकानदार आए हैं। लिए गए सभी सैंपल जांच के लिए लैब भेजे जाएंगे। कार्रवाई के दौरान मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के जांच अधिकारी यशपाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार और लखविंदर सिंह भी मौजूद रहे।

## दो युवक अवैध पोस्त सहित काबू

जनमार्ग न्यूज।




श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले के जैतसर थाना इलाके में पुलिस ने बुगिया रोड पर दो युवकों को मोटरसाइकिल पर अवैध रूप से पोस्त ले जाते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि कल देर रात को पुलिस की एक टीम ने बुगिया रोड पर सुरजाराम मेघवाल (26) निवासी चक 2-बीएलडी-ए तथा संदीप बिश्नोई (37) निवासी चक 4-जेकेएम को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से 2 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। इन पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे पहले मटीली राठान थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोनू (24)निवासी वार्ड नंबर 7 केसरीपुर हाल गुरु की ढाणी को 3 किलो 650 ग्राम डोडा पोस्त समेत गिरफ्तार किया। उस पर भी एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दंपति को 9-9 वर्ष की कठोर कैद एक-एक लाख रुपए का जुर्माना

● दंपति से हुई थी भारी मात्रा में अफीम बरामद

जनमार्ग न्यूज।



श्रीगंगानगर। हनुमानगढ़ जंक्शन के नजदीक गांव सतीपुरा में 7 वर्ष पहले एक घर से भारी मात्रा में अवैध अफीम बरामद होने के मामले में एनडीपीएस एक्ट मामलों की विशेष अदालत ने दंपति को 9-9 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है और एक-एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।जुर्माना अदा नहीं करने पर दंपति को अतिरिक्त सजा काटनी होगी। विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेंद्र शर्मा ने प्रकरण की जानकारी देते बताया कि वर्ष 2018 में हनुमानगढ़ जंक्शन थाना के तत्कालीन प्रभारी सीआई राजेश ने गांव सतीपुरा में मणीसिंह के घर पर छापा मारा था। उसके घर से दो थैलियों में एक-एक किलो और 20 छोटी थैलियां में 10-10 ग्राम अफीम बरामद हुई।कुल 2 किलो 200 ग्राम अफीम और अफीम बिक्री के तीन लाख 25 हजार रुपए बरामद हुए थे। मणी सिंह और उसकी पत्नी अमरजीतकौर को अवैध रूप से अफीम रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि सोमवार को विद्वान न्यायाधीश ने निर्णय देते हुए मणीसिंह और अमरजीतकौर को एनडीपीएस एक्ट के उल्लंघन का दोषी करार दिया दोनों को 9-9 वर्ष की सजा सुनाई और एक-एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया।जुर्माना अदा नहीं करने पर दोनों को अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

## सड़क हादसे में घायल शख्स की ईलाज के दौरान मौत

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। स्थानीय पदमपुर मार्ग पर बाबा दीपसिंह गुरुद्वारा के नजदीक विगत 7 फरवरी को सुबह करीब 10.30 बजे एक बस की टक्कर लगने से स्कूटी पर जाते हुए घायल हुए शख्स की जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में आज सुबह मृत्यु हो गई। मृतक बनवारीलाल पारीक की पुत्री दीपिका द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली में कल शाम को लोक परिवहन सेवा की एक बस के चालक के विरुद्ध लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया गया था। जांच कर रहे एएसआई जगमोहनसिंह ने बताया कि 7 फरवरी की सुबह 10ः30 बजे सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे थे। तब तक घायल हुए बनवारीलाल निवासी गली नंबर 5-एसएसबी रोड को लोगों द्वारा जिला अस्पताल भिजवाया जा चुका था।मौके पर एक स्कूटी तथा बनवारी लाल का हेलमेट पड़ा था। टक्कर मारने वाली बस वहां से निकल चुकी थी। बनवारीलाल पदमपुर की ओर से उधमसिंह चौक की तरफ आ रहा था। बस भी उसी तरफ से बस अड्डे की तरफ जा रही थी। बस ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल हुए बनवारीलाल को परिवारजन जिला अस्पताल से इलाज के लिए जन सेवा हॉस्पिटल में ले गए। पुलिस के मुताबिक बनवारीलाल को बाद में परिवार वाले इलाज के लिए जयपुर ले गए थे, जहां आज सुबह मृत्यु हो गई। इससे पहले कल शाम बेटी ने कल शाम को ही अज्ञात बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवा दिया। दीपिका ने बताया कि बस की टक्कर लगने से उसके पिता के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया जबकि एक कूल्हा भी टूट गया था। रीढ के भी 7-8 टुकडे हो गए थे। सिर और मुंह पर भी चोटे लगीं।

# बाइकर ने सरेआम पर्स लूटा, चार दिन में सात वारदातें होने से महिलाओं में खौफ

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर में मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक ने एक के बाद एक पर्स और मोबाइल फोन छीनने की चार दिन में साथ वारदात कर अकेले आने जाने वाली महिलाओं में खौफ पैदा कर दिया है। सातवीं वारदात आज दोपहर 1.30 बजे विनोबा बस्ती दुर्गा मंदिर क्षेत्र में पूर्व पार्षद कमल चराया के घर को जाने वाली गली में हुई। इसी मौहल्ले में रहने वाले धमीजा साउंड वाले परिवार की महिला दोपहर 1.30 बजे दुर्गा मंदिर के नजदीक एक जनरल स्टोर से सामान कर वापस कर जा रही थी। दोपहर का वक्त होने के कारण गली सुनसान थी तभी मोटरसाइकिल पर पीछे से आया एक युवक उसके हाथ से पर्स छीन कर भाग गया। पार्षद कमल चराया ने बताया की युवती के पर्स में दो-तीन हजार रुपए, मोबाइल फोन तथा कुछ अन्य सामान था। युवती ने शोर मचाया। इससे पहले की आसपास के लोग घरों से निकलकर बाहर आते तब तक युवक मोटरसाइकिल बड़ी तेजी से दौड़कर दूर निकल गया था।सूचना दिए जाने पर



केंद्रीय बस अड्डा चौकी प्रभारी एएसआई स्वर्णसिंह पुलिस कर्मियों सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा,जिसमें एक युवक बिना चेहरा ढके युवती का पर्स छीन कर ले जाते हुए दिखाई दिया। पूर्व पार्षद कमल चराया ने बताया कि पिछले चार दिनों में शहर में इससे पहले हुई 6 घटनाओं को इसी युवक द्वारा अंजाम दिए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है कल शाम जवाहरनगर थाना क्षेत्र में एसएसबी रोड पर बीएसएफ हैड क्वार्टर के सामने रिद्धि सिद्धि आंगन कॉलोनी में भी पैदल जा रही ज्योति सेन नामक युवती का पर्स छीन लिया गया था। इस घटना को कार में सवार चार युवकों ने अंजाम दिया। ज्योति रविंद्र पद पर एक गोल्ड फाइनेंस कंपनी में काम करती है। वह बीएसएफ हैडक्वार्टर के सामने ऑटो से उतरकर पैदल घर की तरफ जा रही थी। उसकेपर्स में 30 हजार 200 रुपए,7 ग्राम सोने की चेन,मोबाइल फोन, आधार कार्ड व एटीएम कार्ड आदि सामान था। ज्योति ने अपना पर्स बचाने की कोशिश की। उक्त युवकों ने पर्स छोड़ा नहीं। ज्योति कुछ दूर तक कार के साथ घसीटते चली गई, जिससे वह घायल हो गई। विगत शनिवार और रविवार को पुरानी आबादी में महिला पार्क व ताराचंद वाटिका के आसपास लगातार 2 दिन में महिलाओं से पर्स और मोबाइल छीनने की चार घटनाएं हुई। इसके अलावा विनोबा बस्ती पार्क के समीप भी पैदल जा रही एक महिला का मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पर छीनकर भाग गए थे। इन सब घटनाओं के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं।

## अज्ञात युवकों ने की राहगीर से लूटपाट

जनमार्ग न्यूज।

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले के दूरवर्ती रावला शहर में कल देर रात को दो अज्ञात बदमाशों ने एक राहगीर को लूट लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नई मंडी घड़साना थाना क्षेत्र में चक 7-केडब्ल्यूम निवासी कालूराम नायक (35) कल रात लगभग 8 बजे मोटरसाइकिल पर रावला शहर में रोजड़ी मार्ग पर रीको उद्योग विहार के पास से जा रहा था। उद्योग विहार में एक सूनी जगह पर मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने उसे रोक लिया। गाली-गलौज तथा मारपीट करते हुए उसके पहने हुए कपड़ों की तलाशी लेने लगे। कालूराम के पास 20 हजार रुपए थे, जो अज्ञात बदमाश लूट कर फरार हो गए।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कालूराम तथा आसपास के अन्य लोगों से बदमाशों के बारे में पूछताछ की। साथ ही बदमाशों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाके में नाकाबंदी करवाई गई लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692